RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

वर्ष-12, अंक 139 | भोपाल, मंगलवार ● 26 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए , कुल पृष्ठ - 8

## सुविचार

सत्य को समझने में समय लगता है,
समझदार वहीं है, जो समय को समझे।
- डॉ. विनय दीवान, भोपाल

जीवन में आगे बढ़ना है, तो बदलाव
और चुनौतियों का सामना जरूरी है।
- अजब सिंह राजपूत, आष्टा

किसी भी व्यक्ति को पत्थर समझ
के ठोकर ना मारे, उसको तराश के देखो,
हो सकता है कि वो हीरा हो।
- सुभाष जैन, धार

## सभ्य समाज में जेंडर आधारित हिंसा का कोई स्थान नहीं : अन्नपूर्णा देवी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकासमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सभ्य समाज में जेंडर आधारित हिंसा का कोई स्थान नहीं है। सुरक्षित महिलाएं ही एक उन्नत समाज और विकसित भारत का निर्माण करती हैं। आकाशवाणी के रंग भवन में महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जागरुकता अभियान नई चेतना 3.0 की शुरुआत करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं का आह्वान किया कि वे हिंसा के खिलाफ खड़ी हों, चुप्पी तोड़ें और आवाज उठाएं। इस मौके पर उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि हम जेंडर आधारित हिंसा से मुक्त भारत के निर्माण के लिए कदम उठाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के 5 निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन

**मुंबई (हि.स.)।** महाराष्ट्र विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित 5 निर्दलीय सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 132 सीटें जीती हैं। भाजपा-नीत राजग में शामिल किस दल का नेता मुख्यमंत्री बनेगा, इसकी घोषणा नई दिल्ली में आज शाम तक हो सकती है। भाजपा को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायकों में रत्नाकर गुट्टे, विनय कोरे, अशोकराव माने, रवि राणा और विजय पाटिल शामिल हैं। पांचों नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को मुंबई में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और समर्थन का पत्र सौंपा। विधानसभा चुनाव में राजग ने 230 सीटें जीती हैं। इसमें भाजपा 132, शिवसेना 57 और एनसीपी (एपी) ने 41 सीटें जीती हैं।

### संभल मामले में भाजपा दोषी, सुप्रीम कोर्ट करे हस्तक्षेप : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उप्र के संभल में मस्जिद में सर्वे कराए जाने के प्रशासनिक आदेश के बाद हुई हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और सुप्रीम कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस नेता ने इसके लिए सीधे तौर पर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। राहुल ने कहा है कि संभल में प्रशासन की असंवेदनशीलता से माहौल बिगड़ा है। राहुल ने कहा कि संभल में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाज़ी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और यह कई लोगों की मृत्यु का कारण बना। इसकी सीधी ज़िम्मेदार भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता हिंदू-मुसलमान के बीच दरार और भेदभाव पैदा कर रही है। यह उत्तर प्रदेश और देश के हित में नहीं है।

# मध्यप्रदेश में इन्वेस्टर्स को आकर्षित करने की अपार संभावनाएं

## ब्रिटिश पार्लियामेंट पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वर्क कल्चर समझा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए 6 दिनों की विदेश यात्रा पर हैं। आज (सोमवार) को वे लंदन में ब्रिटिश पार्लियामेंट पहुंचे और कार्यप्रणाली समझी।**

सीएम ने पत्नी के साथ ब्रिटेन के पार्लियामेंट स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान एसीएस डॉ. राजेश राजौरा, पीएस राघवेन्द्र सिंह मौजूद थे। बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद ष्टरू ने कहा- मध्यप्रदेश में ऐसी सभी संभावनाएं हैं। जिसके बलबूते पर वह देश और दुनिया में निवेशकों को आकर्षित कर सके। हमारी सरकार बनने के बाद लगातार टूरिज्म, हेल्थ, एजुकेशन ऐसे सभी सेक्टर्स में बड़े पैमाने पर संभावना है। मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सुविधाओं के लिए जनसुविधाओं के लिए पर्याप्त धनराशि के साथ राज्य में इन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करना है तो हमें सभी निवेशकों को आमंत्रित करना पड़ेगा। सीएम ने कहा- हमने संभाग स्तरीय रीजनल कॉन्क्लेव की सफलता के बाद देश में और अब देश के बाहर दुनिया में खासकर ब्रिटेन, जर्मनी ऐसे कई देश हैं, जिनके यहां कई निवेशक हमारे राज्य में निवेश करने को तैयार हैं।

टेक्नोलॉजी और अलग-अलग सेक्टर में बड़ा लाभ मिल सकता है। सभी निवेशकों को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कर रहे हैं तो हमारा भी फर्ज बनता है कि हम हर जगह अपनी बात रखें। आज ब्रिटेन आए हैं, इसके बाद जर्मनी भी जाएंगे। बाकी समय मिलेगा तो दूसरे और देशों में जाएंगे।



### बापू के अहिंसा के रास्ते पर हम प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे

सीएम ने कहा- आज महात्मा गांधी की प्रतिमा पर हमने पुष्पांजलि की। गांधी जी ने आजादी के संघर्ष में एक ऐसे अद्वितीय पराक्रम का प्रदर्शन किया था। जिसके आधार पर पूरा देश गौरवान्वित होता है। अहिंसा के हथियार से दुनिया की सबसे बड़ी ताकत अंग्रेजों को झुकाकर देश की आजादी में उनका अहम रोल रहा है। हम सब उनके अहिंसा के मार्ग पर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने में परमात्मा सक्षम करे। ऐसी कामना करता हूं।

### इंग्लैंड में मुख्यमंत्री ने पार्लियामेंट की कार्यप्रणाली समझी

इंग्लैंड में संसद विजिट करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- इंग्लैंड की पार्लियामेंट के दोनों सदनों को देखने के लिए परिवार सहित मित्रों के साथ गया। यहां की पूर्व मंत्री भी हमारे साथ रही हैं। उन्होंने बहुत अच्छे से पूरे पार्लियामेंट की कार्यप्रणाली समझाई और मुझे जिज्ञासु होने के नाते बहुत सारी चीजों का समाधान भी मिला और रोचकता भी रही। जैसे, इनके यहां की व्यवस्था में हमारे यहां राज्यसभा के समान इनका अलग-अलग टेन्योर नहीं होता। एक बार कोई उच्च सदन का नामित सदस्य हुआ तो ता-उम्र रहता है। फिर बैठने के लिए चेयर अलग-अलग नहीं होती। जिसको जहां जगह मिलेगी वह वहां बैठेंगे। हाउस ऑफ कॉमन्स में उनका सिस्टम भी अलग प्रकार का है। राज्यसभा का सदस्य, राज्यसभा में, लोकसभा का सदस्य, लोकसभा में। लेकिन, हमारे यहां का मिनिस्टर दोनों सदन में जाकर अपनी बात रखते हैं, रख सकते हैं, लेकिन के यहां के सिस्टम में यह गुंजाइश नहीं, जो इंग्लैंड के राजा है। वह उच्च सदन से ही अपनी बात रखते हैं। वह हाउस ऑफ कॉमन्स में अपनी बात नहीं कहते। ऐसे कई जिज्ञासा के समाधान भी हुए और कई प्रकार की जानकारी भी मिली।

# केंद्रीय मंत्री चौहान ने 13 राज्यों में किया 227 नये जेंडर रिसोर्स सेंटरों का शुभारंभ

**नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नई दिल्ली में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान, 'नई चेतना-पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया।**

आकाशवाणी में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी व सचिव शैलेष कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) द्वारा आयोजित यह अभियान 23 दिसंबर 2024 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलेगा। डीएवाई-एनआरएलएम के देशभर में फैले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) नेटवर्क के नेतृत्व में यह पहल जन आंदोलन की भावना का प्रतीक है। नई चेतना अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और लक्षित कार्रवाई को बढ़ावा देना है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्रियों के साथ नई चेतना- 3 ज्वाइंट एडवाइज़री का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में 13 राज्यों में 227 नये जेंडर रिसॉर्स सेंटरों का शुभारंभ भी किया। शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की। योजनाओं से बहनों की जिन्दगी में सबसे बड़ा बदलाव आया कि उनका घर में भी मान सम्मान बढ़ा। महिला को पूरी तरह से सशक्त करना है तो महिला का सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिरण राजनीतिक सशक्तिकरण और शैक्षिक सशक्तिरण करना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का काम एक अभियान के रूप में चल रहा है। उन्होंने कहा कि नई चेतना जैसे कार्यक्रमों को समाज में ले जाना होगा क्योंकि हिंसा तो आज भी होती है और ये केवल गांव में ही नहीं हैं निर्भया जैसी घटनाएं शहर में होती हैं। आज भी कितनी बेटियों को निर्भया बनना पड़ता है। रूबिका पहाड़ी और अंकिता सेन जैसी बेटियां टुकड़े-टुकड़े कर फेंक दी जाती हैं।

# केंद्र सरकार संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए शुरू करेगी खास अभियान

**नई दिल्ली (हि.स.)। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार पूरे एक साल चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रही है।**

हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल और संविधान सदन में कार्यक्रम से होगी, जिसको राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संबोधित करेंगी। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्रियों के साथ संसद के दोनों सदन के सदस्य मौजूद रहेंगे। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत सरकार पूरे साल संविधान दिवस मनाने की तैयारी कर रही है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को संविधान मसौदा समिति के बारे में शिक्षित करना है, जिसमें डॉ. बीआर अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ 15 महिला मसौदाकारों के योगदान पर जोर दिया जाएगा। जागरूकता फैलाने के लिए गांवों में पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि संविधान और डॉ. बीआर अंबेडकर का सम्मान हमेशा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का मूल सिद्धांत रहा है। मेघवाल ने कहा कि इस प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में वार्षिक उत्सव मनाने की शुरुआत की। इस साल संविधान को अपनाए जाने के 75 साल पूरे हो रहे हैं और इस ऐतिहासिक दिन को %हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान% अभियान के तहत साल भर की गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य संविधान को आकार देने में डॉ. बी.आर. अंबेडकर के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना है।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत डॉ. बीआर अंबेडकर के सभी स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ संविधान में कलाकारों के योगदान को भी उजागर किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि लोगों को अपने संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि देना चाहिए। इस मौके पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव की तरह हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान की शुरुआत की जा रही है।

## तीसरी आंख




### प्रधानमंत्री मोदी ने शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को किया संबोधित

# हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने की कोशिश करने वालों को जनता ने नकारा

**नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र बहुत उत्पादक होगा और उम्मीद जताई कि इससे भारत की वैश्विक स्थिति को बढ़ावा मिलेगा।**



प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के समय का उपयोग और सदन में हमारा व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे वैश्विक स्तर पर भारत को जो सम्मान मिला है, वह और मजबूत हो। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 80-90 बार जनता ने जिनको लगातार नकार दिया है, वे ना संसद में चर्चा होने देते हैं, ना लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं, ना ही वो लोगों की आकांक्षाओं का कोई महत्व समझते हैं। परिणाम स्वरूप जनता को बार-बार उनको रिजेक्ट करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शर्त है कि हम जनता की भावनाओं का सम्मान करें और उनकी आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह बार-बार खासकर विपक्ष के साथियों से आग्रह करते रहे हैं और कुछ विपक्षी बहुत जिम्मेदारी से व्यवहार करते भी हैं। उनकी भी इच्छा रहती है कि सदन में सुचारू रूप से काम हो लेकिन लगातार जिनको जनता ने नकार दिया है, वे अपने साथियों की बात को भी दबा देते थे, उनकी भावनाओं का भी अनादर करते थे, लोकतंत्र की भावनाओं का अनादर करते थे।

इस सत्र के महत्व के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2024 का ये अंतिम कालखंड चल रहा है और देश पूरे उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है। संसद का यह सत्र कई मायनों में विशेष है और सबसे महत्वपूर्ण बात संविधान के 75वें वर्ष में प्रवेश है। उन्होंने कहा कि कल (26 नवंबर) संविधान सदन में सब मिलकर इस संविधान के 75वें वर्ष की, उसके उत्सव की शुरुआत करेंगे। नए संसद सदस्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे नए साथियों के पास नए विचार हैं। भारत को आगे ले जाने के लिए नई-नई कल्पनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संसद से वो संदेश भी जाना चाहिए कि भारत के मतदाता, उनका लोकतंत्र के प्रति समर्पण, उनका संविधान के प्रति समर्पण, उनका संसदीय कार्य पद्धति पर विश्वास, संसद में बैठे हुए हम सबको जनता-जनार्दन की इन भावनाओं पर खरा उतरना ही पड़ेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### करजवानी में हुआ सीसी रोड़ का भूमिपूजन



**डही, निप्र।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत करजवानी के पुजारा फलिया में पंचायत निधि से 6 लाख की लागत से सीसी रोड़ का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राकेश नोरके थे। जितेन्द्र देवड़ा सरपंच प्रतिनिधि की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस रोड़ के बनने से किसानों को खेतों में पहुंचने में सुविधा होगी व बारिश में कीचड़ से भी मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करजवानी के प्रमुख पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख इडा देवड़ा, प्रकाश अहिरवार, जांगड़ा, सोमारिया, राजेंद्र, मोंटू, दीपक, अभय, कैलाश अहिरवार रोजगार सहायक, भगत, अमर सिंह, नारायण, तरुण अहरवाल आदि उपस्थित रहे।

### बाग में सम्पन्न हुई सहजयोग ध्यान कार्यशाला



**बाग, निप्र।** इस कार्यशाला में सहजयोग ध्यान केन्द्र धरमपुरी से आमंत्रित हुए अनुभवी सहज साधकों ने श्रीमद्भागवत गीता, शिव पुराण व रामायण के अंशों के माध्यम से सहजयोग ध्यान का महत्व बताते हुए कहा कि धरती पर जीवात्मा 84 लाख योनियों से जन्म लेकर मौक्ष प्राप्त करने के लिए मनुष्य शरीर में प्रवेश करती है। सहजयोग ध्यान में मनुष्य का दसवां द्वार जिसे सहस्त्रार कहा जाता है, खुलता है, इसी द्वार से निकल कर जीवात्मा परमात्मा से जुडकर मौक्ष प्राप्त करती है, इस दसवें द्वार का वर्णन शिव पुराण में साक्षात् मां पार्वती को शिव जी ने बताया है। इस कार्यशाला में दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से सेंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए और सहजयोग ध्यान का लाभ उठाया। अंत में सभी के लिए निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई। परम् पूज्य श्री माता जी श्री निर्मला देवी द्वारा प्रदान की गई ध्यान की अत्यंत सहज सरल विधि से मानव सांसारिक जीवन में परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त करता है और वैभवशाली जीवन का आनंद उठाता है। सहजयोग ध्यान पूरे विश्व में निःशुल्क है।

### बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक आयोजित





**अलीराजपुर, निप्र।** निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक प्रातः 11ः00 बजे आयोजित की है। इस दौरान सभी सुपरवाइजरों को अधीनस्थ समस्त बीएलओ के कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर कम प्रोग्रेस वाले केंद्रों की प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए हिदायत दी गई हे। इस दौरान तहसीलदार श्री संतोष रत्नावत, इलेक्शन सुपरवाइजर श्री सरदार चौहान सहित समस्त बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे। 26 नवम्बर को जिले में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके द्वारा संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाए जाने का प्रयास किया जाएगा। इसी कड़ी में बीएलओ सुपरवाइजर बैठक के दौरान संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया एवं संविधान रक्षा की शपथ ली।

### मूकबधिर छात्रावास कुण्ड ग्राम बड़ी में कक्षा 1 से 8 तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**अलीराजपुर, निप्र।** अपर कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक वीरेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशानुसार जिले में संचालित हो रहे शासकीय चंद्रशेखर आजाद मूक बधिर (दिव्यांग) छात्रावास कुण्ड ग्राम बड़ी में कक्षा 1 से 8 तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु दिनांक 12/12/2024 तक आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। जिसमें इच्छुक अभिभावक कार्या. कलेक्टर जिला शिक्षा केन्द्र अलीराजपुर कक्ष क्र. 203 द्वितीय तल कलेक्ट्रेट परिसर जिला अलीराजपुर की (आईईडी) शाखा में कार्यालयीन समय प्रातः 10ः00 बजे से शाम 06ः00 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है।

# बारिश के बाद गड्ढों में तब्दील सड़क और उससे उड़ने वाले धूल के गुब्बारे पर्यटक और रहवासियों के लिए बन रहे थे मुसीबत

### सड़क पर पैदल चलना हो रहा था मुसीबत उड़ने वाले धूल के गुब्बारे बीमारियों का अंदेशा दे रहे थे अब उनसे मिली मुक्ति सड़क का कार्य हुआ शुरू

विनय उजाला





**मांडू, निप्र। पर्यटन नगरी मांडू के जामा मस्जिद महल से लेकर श्वेतांबर जैन मंदिर तक बारिश के बाद जर्जर सड़क पर धूल के गुब्बारे और गढ़ों में तब्दील सड़क आने वाले पर्यटक और यहां के रहवासी के लिए परेशानी बन रही।**

यह सड़क की प्रमुखता से मीडिया में छपी खबर के बाद दूसरे दिन खबर का हुआ असर, जागा संबंधित विभाग और प्रशासन, आज से सड़क के मरम्मत का कार्य शुरू हुआ, जब आज दोपहर में विभाग ने जमा मस्जिद महल से लेकर सड़क का कार्य शुरू किया वैसे ही लोगों में खुशी देखने को मिली, पिछले 1 महीने से यहां धूल के गुब्बारे के चलते यहां सर्दी खांसी और साइनस जैसी बीमारी का असर मांडू में देखने को मिल रहा था। इधर खबर लगने के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया और आज तत्काल इस सड़क कार्य का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। संबंधित विभाग की नींद खुली। आज सोमवार से विभाग ने इस सड़क के गड्ढों पर काम करना शुरू किया। सड़क पर गहरे गड्ढों के बीच निकलना मुश्किल हो गया था। आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे थे। ऐसे में इस रोड पर गाड़ियों का अधिक दबाव रहता है। कई बार गड्ढों की चपेट में आने से लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं। इस रोड पर दोनों ओर काफी दुकानें भी हैं। जर्जर सड़क होने से यहां हर समय धूल उड़ती रहती है। मांडू के वार्ड क्रमांक 4 के स्थानीय निवासी नंद गोकुल प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस सड़क से निकलना मुश्किल हो गया था लेकिन खबर छपने के बाद सड़क बनाने का काम शुरू हो गया। जर्जर अवस्था में पड़ी सड़क से लोगों को हो रही समस्याओं के मद्देनजर दैनिक भास्कर ने अपने अखबार में इसे प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से यह मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते ग्रामीण वाहन चालक खासे परेशान थे। दिनभर उड़ती धूल से ग्रामीण परेशान हो रहे थे। कई बार ग्रामीणों ने इसे ठीक कराने के लिए अपील की। लेकिन, कार्रवाई नहीं हो रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दैनिक भास्कर में खबर छपने के बाद मांडू रानी रूपवती महल मार्ग जाने वाली ग्रामीण सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। यह सड़क काफी जर्जर हो गई थी। सड़क पर बने गड्ढे को समतल करने का काम शुरू किया गया। एमपीआरडीसी विभाग के महाप्रबंधक श्याम गुप्ता और विभाग के एसडीओ अमित भूरिया ने खबर को गंभीरता से लेते हुए तत्काल लुनेरा से मांडू तक मार्ग में जहां-जहां गड्ढे हो गए थे वहां मरम्मत का कार्य कर दिया है वही मांडू के जामा मस्जिद महल से लेकर सितंबर जैन मंदिर तक जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया है आज से।

## वीरांगना झलकारी बाई की जयंती महिलाओं के सम्मान के साथ मनाई

तुषार तोमर



**मनावर।** मनावर मे आकस्मिक कोष कमेटी मनावर के द्वारा वीरांगना झलकारी बाई की जयंती विशेष एकेडमी स्कूल मनावर में मनावर क्षेत्र की उत्कृष्ट महिलाओं के सम्मान के साथ मनाई गई। सम्मान उन महिलाओं का किया गया जिन्होंने अपने जीवन में काफी संघर्ष करते हुए अपने परिवार का पालन-पोषण करते हुए जीवन को आगे बड़ाया।

अधिकतर वो महिलाएं जिनके जीवन साथी किसी दुर्घटना में या बिमारी से परिवार छोड़कर पंचलिन हो गये। एसी स्थिति में एक महिला अपने परिवार बच्चों कों किस तरह पालन पोषण करते हुए। शिक्षा संस्कार देते हुए। नौकरी योग्य बनाकर नोकरी पाते। इस तरह की करिब मनावर क्षेत्र की 30 महिलाओं का सम्मान किया गया। वीरांगना झलकारी बाई जयंती आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय मनावर प्रोफेसर सम्मानिय डाक्टर राजपूत मेडम जी, डाक्टर मुवेल मेडम जी, वरिष्ठ समाजसेवी रिटायर्ड शिक्षक ओंकारलाल जी सोलंकी, कुड़ीया सर जी, धार रोड़ सुर्योदय हास्पिटल सर संचालक डाक्टर लोकेश भालके साहब MBBS, MD मंच आशिन हुए। वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर सभी अतिथियों द्वारा विचार प्रकट किए गए।

झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के हम शक्ल एवं झांसी की रानी बाई जैसे आत्म बल शारिरिक बल रखने वाली झलकारी बाई के जीवन पर पुर्ण विवेचना सम्माननीय शिक्षीका ज्योति जी बालेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा। पिंकी दिनेश वास्केल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम आयोजक एवं आयोजित करने वाले आकस्मिक कोष कमेटी के दिलीप जी सोलंकी, सतीश जी गंगारेकर, रेणुका जी गंगारेकर रितेश जी चौहान, अभिषेक जी पाचुरेकर, बबलू जी कोशल, नंदराम जी टनवे, पार्वती जी बागेश्वर, जगदीश जी खेड़े, सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफ़ल एवं संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन दिशानिर्देश मार्गदर्शक सम्माननीय किशोर जी बागेश्वर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पधारे मंच आशिन मेहमानों का एवं कार्यक्रम में पधारे सभी मातृशक्ति नारिशक्ती एवं भाई बन्धुओं का आभार संदीप जाजमे ने मानते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

## हम होंगे कामयाब पखवाड़ा 10 दिसम्बर तक आयोजित होगा

विनय उजाला



**धार, निप्र।** प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ सोमवार को धार शहरी परियोजना से किया गया एवं भोपाल स्तर से इस कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया।जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इसके अतिरिक्त जिले की समस्त 16 परियोजना में आंगनवाडी स्तर पर समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं का इस कार्यक्रम लाईव प्रसारण दिखाया गया। जागरूकता अभियान के 16 दिवसों में जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर पर कार्यक्रम में समस्त विभागों का समन्वय कर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के दौरान जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर-आधारित मुद्दो पर जागरूकता बढाने के लिये समुदाय, विशेषकर पुरूषों, युवाओं के साथ ही किशोरों, बच्चों के पालकों, महिलाओं को जोड़ा जाएगा।





## बाग रोजगार मेले में 122 बेरोजगारों का पंजीयन हुआ

### चार कम्पनियों में अलग अलग 96 युवक-युवतियों का इस मेले में हुआ चयन

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन की रोजगार उन्मुखी नीति के अंतर्गत बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार मेले का आयोजन सोमवार को आजीविका भवन बाग बायपास पर हुआ। जिस मेले मे कुल 122 बेरोजगार युवक युवतियों का पंजीयन हुआ व 96 का चयन हुआ अलग अलग कम्पनी मैं। प्रतिभा सिंटेक्स पीथमपुर, महिमा फाइबर भीलगांव, वजीर स्किल डीडीयूजीकेवाय एवं जल आई सी मनावर, की कम्पनी आई थी कम्पनी से आए कर्मचारियों ने युवक युवतियों को विस्तार से अपनी अपनी कम्पनी के बारे में समझाया ओर विस्तृत जानकारी दी यह मेला मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत आयोजित किया गया था मेला सुबह से शाम चार बजे तक रहा जिसमें अधिकतर युवक युवतियों ने आकर अपना पंजीयन करवाया मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजिविका बाग के द्वारा मेले का प्रचार प्रसार भी किया नगर से लैकर ग्रामीण क्षेत्रो तक। इस दौरान जिला प्रबंधक श्रीमती सरोज पाटीदार,ब्लाक प्रबंधक दिनेश डोरिया, सहायक प्रबंधक सिमा चौहान, सुनिल परमार आदि समस्त स्टाफ एवं समुह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### खेलकूद गतिविधि का आयोजन किया जाएगा

**अलीराजपुर, निप्र।** प्रभारी अपर कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री वीरेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि विश्व विकलांग दिवस 3 दिसंबर को मनाया जाएगा। जिले के सभी 6 विकासखण्ड में व जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांग बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद होंगे। डीपीसी द्वारा बताया है कि जिले के प्रत्येक विकासखण्ड व जिला स्तर पर सीडब्ल्यूएसएन (चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स) बच्चों के लिए 26 से 28 नवंबर 2024 को विकासखण्ड स्तर पर व 3 दिसंबर की जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार कार्यक्रम स्थल ऐसा हो जहां पर्याप्त प्रकाश, पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही बच्चों व उनके अभिभावकों को बैठने की सुविधा गतिविधियां करने के लिये पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के नाम, पते आदि का पूरा रिकार्ड पंजी में अंकित करते हुए उनके द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने उन्हें पुरस्कार देने का अभिलेख भी रखा जायेगा। कक्षा 5वीं, 8वीं में प्रथम श्रेणी रहे दिव्यांग छात्रों का जिला स्तर पर होगा संम्मान।

## दुकानदारों का उत्साह और सर्दियों का स्वागत सज गई गजक की दुकानें

विनय उजाला



**धमनोद, निप्र।** सर्दी ने दस्तक दे दी है और जैसे ही ठंड का अहसास होने लगता है, बाजार में स्वादिष्ट और पारंपरिक मिठाइयों का चलन भी तेजी से बढ़ने लगता है। सर्दियों के मौसम के साथ ही मूंगफली, गजक, रेवड़ी, और ताजे पिंड खजूर की दुकानों पर भारी भीड़ दिखने लगी है। ये सिर्फ स्वाद का ही नहीं, बल्कि सेहत का भी खजाना मानी जाती हैं।

#### गजक और रेवड़ी का स्वादिष्ट मौसम

गजक, तिल और गुड़ से बनी यह मिठाई न केवल स्वाद में लाजवाब होती है, बल्कि हड्डियों को मजबूत बनाने में भी मदद करती है। वहीं, रेवड़ी के स्वाद से सर्दी के मौसम का मजा दोगुना हो जाता है। इसका कुरकुरापन और गुड़ की मिठास दिल को लुभाती है, और इसे खाते ही सर्दी से राहत मिलती है।

#### सामाजिक बदलाव और पारंपरिक स्वाद की ओर कदम

सर्दी के साथ-साथ समाज में एक बदलाव भी देखने को मिल रहा है। आजकल, जहां एक ओर कैफे की दुकानें फल-फूल रही हैं, वहीं दूसरी ओर, पारंपरिक मिठाइयों के स्टॉल्स भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। सड़क किनारे सजी इन दुकानों पर लोग बढ़-चढ़कर पहुंच रहे हैं। यहां रंग-बिरंगे रेवड़ी, ताजे मूंगफली के दाने और गजक की महक से माहौल भी गुलजार हो जाता है।

#### दुकानदारों का उत्साह और सर्दियों का स्वागत

इन दुकानदारों का उत्साह भी खासा बढ़ गया है। एक व्यापारी का कहना था, सर्दी के मौसम ने हमारे व्यापार में नई जान फूंक दी है। लोग अब फिर से इन पारंपरिक मिठाइयों का स्वाद लेने के लिए आते हैं और हम भी उन्हें ताजे और स्वादिष्ट उत्पाद देने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं पर अपने हाथों से गजक रहे हैं।

#### क्या है इन पारंपरिक मिठाइयों में खास

**मूंगफली :** सर्दी में मूंगफली खाने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है और यह ऊर्जा का बेहतरीन स्रोत है।

**गजक :** तिल और गुड़ से बनी गजक स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हड्डियों को मजबूत भी बनाती है।

**रेवड़ी :** रेवड़ी का कुरकुरापन और गुड़ की मिठास सर्दी में खासतौर पर दिल को लुभाती है।

इन पारंपरिक व्यंजनों का सेवन न केवल स्वाद बढ़ाता है, बल्कि शरीर को भी अंदर से ताजगी और गर्माहट प्रदान करता है। इस सर्दी में बाजारों में सजी इन मिठाइयों के स्टॉल्स, पुरानी परंपराओं के प्रति बढ़ते आकर्षण का स्पष्ट उदाहरण हैं।

### दानदाताओं का विशेष योगदान, सदस्यों और सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी, समाज सेवा और जागरूकता का संदेश

# ज्ञानदीप मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों को वितरित किए गर्म ऊनी वस्त्र और कंबल

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र। समाज सेवा की उत्कृष्ट भावना के साथ, ज्ञानदीप मंडल ने शीत ऋतु के प्रारंभ में बदनावर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों को गर्म ऊनी वस्त्र और कंबल वितरित कर मानवीय सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन में नगर के दानदाताओं और आमजन परिवारों से प्राप्त ऊनी वस्त्रों और सामग्री का उपयोग किया गया।**

यह वितरण अभियान पुण्या पाड़ा, भाड़ा रुण्डी, प्रतापपुरा, नवा पाड़ा और डागरपाड़ा जैसे गांवों में आयोजित किया गया। ग्रामीणों तक इस सहायता को पहुंचाने के लिए मंडल ने प्रभावी योजना बनाई। सदस्यों ने विभिन्न साइज के ऊनी कपड़ों के पैकेट तैयार किए, जिनमें साल, स्वेटर, जैकेट, कार्डिगन, मफलर, टोपी और कोट शामिल थे। संबंधित गांवों में पहले से सूचना देकर ग्रामीण चौपालों पर जरूरतमंदों को एकत्रित किया गया, जहां उनकी आवश्यकताओं के अनुसार ऊनी वस्त्र और कंबल प्रदान किए गए।





इस नेक कार्य में इंदौर के जयेश गौतमलाल जैन (बुरहानपुर वाले) परिवार ने 100 नए कंबल प्रदान कर विशेष सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त मीड मालवा स्कूल के नवीन चौहान ने विद्यालय का वाहन उपलब्ध कराकर वितरण प्रक्रिया को सुगम बनाया, जिससे सामग्री आसानी से गांव-गांव तक पहुंचाई जा सकी।

मंडल के अध्यक्ष विजय बाफना के नेतृत्व में संयोजक मुकेश आर्य और सदस्यगण दिलीप सिंह चौहान, अर्जुन सिंह पंवार, अशोक लोढ़ा, विक्रम सिंह चौहान, जमील कुरैशी, हेमराज पंवार, राजेश्वर त्रिवेदी, चेतन्य रांका और पवन पाटोदी ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में ग्रामीण क्षेत्र के रमेश मुनिया, रेखा मंडलोई, कैलाश राठौड़, महेश मकवाना और रामचंद्र रजक का सहयोग सराहनीय रहा।

इस अवसर पर मंडल के सदस्यों ने केवल वस्त्र वितरण तक सीमित न रहते हुए, उपस्थित ग्रामीण जनसमुदाय को नशा मुक्त जीवन जीने का आव्हान भी किया। उन्होंने लोगों से अपनी नकारात्मक आदतों को छोड़ने और स्वस्थ, सकारात्मक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी।

ज्ञानदीप मंडल का यह सेवा प्रकल्प अत्यंत सफल रहा। ग्रामीणों ने न केवल इस सहायता को सहर्ष स्वीकार किया, बल्कि इस प्रयास की सराहना भी की। इस आयोजन ने समाज में एक नई प्रेरणा का संचार किया और सेवा भाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस पहल ने यह सिद्ध किया कि जब समाज के विभिन्न वर्ग एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो जरूरतमंदों की मदद करना न केवल संभव होता है, बल्कि यह मानवीय सेवा के आदर्श को भी साकार करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता : बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र बने विजेता



**भोपाल, निप्र।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय इंटर स्कूल बैंड प्रतियोगिता के तहत पश्चिम क्षेत्रीय प्रतियोगिता के बालिका वर्ग की ब्रास बैंड विधा में मध्यप्रदेश और पाइप बैंड विधा में महाराष्ट्र के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पाने वाली ये दोनो टीमें गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में आगामी 24 एवं 25 जनवरी 2025 को पश्चिम का प्रतिनिधित्व करेंगी। मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने विजेता टीमों को पुरूस्कृत किया। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय और आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सुबह ही किया था। प्रतियोगिता की नोडल अधिकारी सुश्री अर्चना अली ने बताया कि वेस्ट जोन के 6 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र गोवा एवं केन्द्र शासित प्रदेश दमन एवं दीव तथा दादर नगर हवेली के विजेता प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इसमें ब्रास बैंड विधा में प्रथम स्थान मध्यप्रदेश, द्वितीय स्थान राजस्थान तथा तृतीय स्थान गोवा की टीम ने प्राप्त किया। पाइप बैंड विधा में महाराष्ट्र की टीम प्रथम, गुजरात की द्वितीय और राजस्थान की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग की प्रतियोगिता 27 नवम्बर को होगी। बालक वर्ग में भी ब्रास बैंड विधा और पाइप बैंड विधा की विजेता टीमें गणतंत्र दिवस 2025 के उपलक्ष्य में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 24 एवं 25 जनवरी 2025 को सहभागिता करेंगी। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, संचालक लोक शिक्षण श्री डी. एस. कुशवाह एवं अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ऑडियन्स उपस्थित थे।

### रबी सीजन में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि कृषि उपभोक्ताओं को रबी सीजन में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए अस्थाई कृषि पम्प कनेक्शन देने की समुचित व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा है कि किसान निर्धारित दरों के अनुसार ही भुगतान करें। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र के कृषि उपभोक्ताओं को राज्य शासन द्वारा दी जा रही सब्सिडी घटाने के बाद थ्री फेज तीन हार्स पावर के अस्थाई पम्प कनेक्शन हेतु तीन माह के लिए 5 हजार 503, चार माह के लिए 7 हजार 225 एवं पांच माह के लिए 8 हजार 946 रूपये देय होंगे। पाँच हार्स पावर अस्थाई पम्प कनेक्शन हेतु तीन माह के लिए 8 हजार 946, चार माह के लिए 11 हजार 814 एवं पाँच माह के लिए 14 हजार 683 रूपये देने होंगे। साढे सात से आठ हार्स पावर अस्थाई पम्प कनेक्शन हेतु तीन माह के लिए 14 हजार 109, चार माह के लिए 18 हजार 699 एवं पाँच माह के लिए 23 हजार 289 रूपये देय होंगे। थ्री फेज दस हार्स पावर अस्थाई पम्प कनेक्शन हेतु ग्रामीण क्षेत्र के कृषि उपभोक्ताओं को तीन माह के लिए 17 हजार 552 रूपये, चार माह के लिए 23 हजार 289 रूपये एवं पाँच माह के लिए 29 हजार 26 रूपये देय होंगे। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के कृषि उपभोक्ताओं के लिए अस्थाई पम्प कनेक्शन की दरें 4 अप्रैल 2024 से लागू हैं।

### पावर जनरेटिंग कंपनी के 53 कनिष्ठ अभियंताओं ने लिया एनपीटीआई से प्रशिक्षण

**भोपाल, निप्र।** नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनपीटीआई) शिवपुरी के निदेशक डा. चित्ताशोक भट्टाचार्य ने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रशिक्षु कनिष्ठ अभियंताओं को सैद्धांतिक व व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया है। अब ये किसी भी विद्युत गृह में कार्य करने के लिए पूर्णतः सक्षम हैं। चित्ताशोक भट्टाचार्य ने यह बात मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के विद्युत गृहों में चयनित 53 कनिष्ठ अभियंताओं के प्रशिक्षण समापन समारोह में कही। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 53 प्रशिक्षु कनिष्ठ अभियंताओं को विद्युत गृहों में तैनात करने से पूर्व एनपीटीआई में 6 सप्ताह के सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व सी एन्ड आई के इन 53 प्रशिक्षु कनिष्ठ अभियंताओं ने पिछले दिनों नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनपीटीआई) शिवपुरी से 6 सप्ताह का प्रशिक्षण सफलातपूर्वक पूर्ण कर लिया। एनपीटीआई शिवपुरी में पॉवर जनरेटिंग कंपनी की ओर से अधीक्षण अभियंता ट्रेनिंग डॉ. अशोक तिवारी व कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी ने कंपनी की नीति, विजन व मिशन की जानकारी प्रशिक्षु कनिष्ठ अभियंताओं को दी।

# सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में शहरों जैसी सुविधाएं होंगी : गोविंद सिंह राजपूत

## खाद्य मंत्री बोले, तिनका-तिनका जोड़ के गौरव दिवस तक का सफर तय किया है, 15 करोड़ के नए मार्गों की खाद्य मंत्री ने दी बिलहरावासियों को सौगात

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से सुरखी विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी हो चुकी है। हमारा प्रयास है कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में शहरों जैसी सुविधाएं और व्यवस्थाएं हो तथा विकास का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा।**





खाद्य मंत्री श्री राजपूत सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राजा बिलहरा नगर पंचायत के स्थापना दिवस पर आयोजित गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने गौरव दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार तथा डॉ मोहन यादव ने विकास के लिए अपने खजाने खोल दिए हैं । क्षेत्रवासियों को खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बिलहरा के गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिलहरा का गौरव दिवस अपने विकास की कहानी खुद बयां कर रहा है कि तिनका - तिनका जोड़ के हमने गौरव दिवस तक का सफर तय किया है।

### 15 करोड़ की लागत से बनेंगे नए मार्ग

मंत्री श्री राजपूत ने गौरव दिवस के अवसर पर बिलहरा में 5 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने बिलहरावासियों को बड़ी सौगात देते हुए दो महत्वपूर्ण मार्गों की घोषणा की जिनकी लागत 15 करोड रुपए है। ग्राम सहजपुरीखुर्द तथा तेरह मील से सीगना के लिए मार्ग बनेंगे, जिससे लोगों के लिए आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरखी का विकास हमारा संकल्प है आप लोगों के आशीर्वाद से सुरखी विधानसभा क्षेत्र में यह विकास दिखने लगा है जिसके परिणाम स्वरुप हम आज बिलहरा में गौरव दिवस मना रहे हैं यह विकास का क्रम इसी तरह चलता रहेगा। बिलहरा नगर पंचायत में 4 वर्षों में 200 करोड़ से अधिक के विकास कार्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा कराए गए हैं जिसमें मुख्य रूप से उप तहसील भवन, कार्यालय तहसीलदार, आवास भवन, सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड, शॉपिंग काम्पलेक्स, मंगल भवन, युवाओं एवं खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम, सामुदायिक भवनों का निर्माण, नवीन नगर पंचायत भवन, करोड़ों के मार्गों का निर्माण, सीमेंट कंक्रीट रोड, पुलिया निर्माण, सीएम राइज स्कूल, विद्युत व्यवस्था सुधारने हेतु सब स्टेशन, 3 हजार प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत, बिलहरा नगर में पेयजल योजना, संजीवनी अस्पताल, स्वरोजगार ऋण, संबल योजना, कर्मकार कल्याण योजना सहित 200 करोड़ से अधिक के विकास कार्य बिलहरा में किए गए है।

### लोक गायक जितू खरे ने बांधा समां, झूमे उठे क्षेत्रवासी

बिलहरा के गौरव दिवस के अवसर पर लोक गायक जितू खरे तथा उनके साथियों ने मनमोहन प्रस्तुति दी उनकी प्रस्तुति ने ऐसा समां बांध की क्षेत्रवासी झूम उठे । जितू खरे ने अपने लोकगीत में सुरखी के विकास की बात करते हुए कहा कि ऐसे जन प्रतिनिधि मिलना बड़ा मुश्किल है जिन्होंने अपने क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी। इस अवसर पर डॉ.सुखदेव मिश्रा, वीरेंद्र पाठक, मूरत सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष संतोष पटैल, लखन चैबे, महेष तिवारी, पूर्व सरपंच मनीष गुरू, पुष्पेंद्र सिंह, रमेष चढ़ार, जितेंद्र सिंह, इंद्राज सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ.संत चैबे, ब्रजेष तिवारी, जोराबल अहिरवार, बाबूलाल, सहित नगर पंचायत के अध्यक्ष, पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### कॉलेज बस ने स्कूटी को पीछे से मारी टक्कर, पिता की मौत, छह साल की बेटी गंभीर

**भोपाल, निप्र।** राजधानी भोपाल के टीटी नगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक कॉलेज बस स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कूल सवार व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद भागने के चक्कर में बस चालक ने दो तीन अन्य लोगों को भी टक्कर मारी जिससे उन्हें चोट लगी है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मालला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार हादसा रविवार रात 10 :30 से 11 बजे के बीच नानके पेट्रोल पंप के पास गैमन इंडिया मॉल के सामने हुआ। पिता-पुत्री स्कूटी से ग्रीन सिग्नल पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। तभी पीछे से आईइएस यूनिवर्सिटी कॉलेज की तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिता बस के पहियों के नीचे आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। उधर, बेटी बाइक से दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक का नाम हिर्देश अग्रवाल (40) निवासी लखरापुरा है। वहीं, उसकी घायल बेटी का नाम अनिका (6) है। घटना के बाद ड्राइवर बस को तेज रफ्तार में लेकर भाग निकला। इस दौरान बस ने सड़क पर 3-4 अन्य लोगों को भी टक्कर मारी, जिससे वे घायल हो गए। मामले को लेकर टीटी नगर थाना प्रभारी सुनील भदौरिया ने बताया कि बस की चपेट में आए 3-4 अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राज्यपाल पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा राज्य-स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम

## समस्त शासकीय, सार्वजनिक, स्वशासी उपक्रमों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में भी होंगे संविधान दिवस कार्यक्रम

विनय उजाला


**भोपाल, निप्र।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में संविधान दिवस आयोजन सम्बंधी बैठक हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में 26 नवम्बर को रवीन्द्र भवन भोपाल के हंसध्वनि सभागृह में प्रातः 11 बजे राज्य-स्तरीय संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश की विविध विभूतियों का स्मरण किया जाएगा। इसमें संविधान निर्माण सम्बंधी प्रदर्शनी लगाई जाएगी और संविधान संबंधी लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। मुख्य सचिव श्री जैन ने संबंधित विभागों के साथ कार्यक्रम तैयारियों को लेकर समीक्षा की।



भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में, संविधान को अंगीकृत करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को देखते हुए वर्ष भर चलने वाले उत्सव को हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान अभियान के अन्तर्गत चलाया जाएगा। संविधान दिवस को सम्पूर्ण नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सवपूर्वक मनाया जाएगा। प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, स्वशासी संस्थाओं एवं सार्वजनिक उपक्रमों में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। संविधान दिवस पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी होगा, इसमें अधिकाधिक संख्या में शासकीय सेवकों के साथ आम नागरिकों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सहभागी, सामूहिक वाचन की तस्वीर (सेल्फी अथवा अन्य फोटो) पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। तस्वीर अपलोड करने के उपरांत वेबसाइट पर एक प्रमाण-पत्र तैयार हो जाएगा, इसे डाउनलोड कर सोशल मीडिया में साझा किया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था और संविधान को अपनाने के इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। बैठक में अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य श्री के.सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला, सचिव सामान्य प्रशासन श्री अनिल सुचारी, आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत बरबड़े, कलेक्टर भोपाल श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री हरेंद्र नारायण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### हमीदिया हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक हुई 100वीं कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी

#### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दी बधाई



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सफलतापूर्वक 100वें कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी ऑपरेशन की उपलब्धि पर चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय टीम को बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के प्रयास राज्य के वंचित मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के हमारे लक्ष्य को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। डीन जीएमसी भोपाल डॉ. कविता सिंह ने बताया कि यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत की गई। जो मरीज आयुष्मान योजना के तहत नहीं आते, उनके लिए भी यह सर्जरी मामूली शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. सिंह ने बताया कि बीना के ग्राम माला सानातू की निवासी 54 वर्षीय श्रीमती सरोज रानी पाठक का सफल ऑपरेशन किया गया। उन्हें एक माह पूर्व सीने में दर्द की समस्या पर हमीदिया चिकित्सालय रेफर किया गया।

### मध्य प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू, भोपाल-जबलपुर समेत 9 शहरों में तापमान 10ए से नीचे

**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण तापमान में लगातार गिरावट जारी है। वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा है, जहां रात का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में भी यह 9.8 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम के इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, भोपाल, जबलपुर समेत मध्य प्रदेश के 9 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे है। पचमढ़ी में पारा रिकॉर्ड 5.8 डिग्री तक आ चुका है, जबकि राजधानी में नवंबर की ठंड ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आई बर्फीली हवा से ठंड बढ़ी है। अगले कुछ दिन तक ठंड का ऐसा ही दौर बना रहेगा। 27 नवंबर से पारे में बढ़ोतरी होगी, लेकिन दिसंबर में कड़ाके की ठंड का दौर फिर से शुरू हो जाएगा। वहीं, भोपाल में दिन में भी धुंध का असर है।

### मुख्यमंत्री ने भारतीय उच्चायोग के साथ निवेश और विकास के संकल्पों पर चर्चा की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने यूके दौरे के पहले दिन भारतीय उच्चायोग, लंदन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक विकास, तकनीकी सहयोग और वैश्विक निवेश को लेकर प्रदेश की योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा ब्रिटेन से शुरू करने पर खुशी व्यक्त करते हुए भारतीय उच्चायोग के सहयोग की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का क्षण है कि मैं अपनी इस महत्वपूर्ण यात्रा की शुरुआत यूके से कर रहा हूं। इस यात्रा की तैयारी में उच्चायोग टीम द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और सहयोग के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने बताया कि उज्जैन, रीवा, ग्वालियर, जबलपुर और सागर जैसे शहरों में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से प्रदेश में निवेश को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम अब राष्ट्रीय स्तर से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेशकों को प्रदेश के विकास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत लंदन से हो रही है।



### सतर्कता से टाली दुर्घटनाएं : मंडल रेल प्रबंधक ने 20 कर्मचारियों को किया सम्मानित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझबूझ और सजगता से कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 20 रेलवे कर्मचारियों को मंडल कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया।

इन कर्मचारियों ने असामान्य परिस्थितियों में अद्वितीय कौशल और तत्परता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोका और रेल परिचालन को सुरक्षित बनाया। इन कर्मचारियों में सर्व सतोष कुमार शर्मा (स्टेशन प्रबंधक) बीना, सुखदेव यादव (उप स्टेशन प्रबंधक) पगढाल , रितेश यादव (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, आकाश रघुवंशी (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, सुदीप मालवीय (ट्रेन मैनेजर) भोपाल, अमित तिवारी (ट्रेन मैनेजर) बीना, रोहित पवया (वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर) बीना, एस. एल मीना (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, कु. शाबिया खान (ट्रेन मैनेजर) बीना, श्रषी कश्यप (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, सोनू कुशवाहा (कांटेवाला) गुलाबगंज, सोनू कुमार (ट्रेन मैनेजर) गुना, देवाशीष देवेश (ट्रेन मैनेजर) इटारसी, अजय कुमार (कांटेवाला) सलामतपुर , बासुदेव कुमार साहू (पैसे. ट्रेन मैनेजर) इटारसी, राजू लाल मीना (लोको पायलट) बीना, रमेश कुमार रैकवार (सहायक लोको पायलट) बीना, एम पी जैन (लोको पायलट) भोपाल, मो. जीशान कुरैशी (सहायक लोको पायलट) भोपाल, जसमन (कीमैन) बानापुर द्वारा अपनी ड्यूटी के दौरान सूझ बूझ और सजगता से कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को रोकने का सराहनीय कार्य किया गया। इसके लिए मण्डल रेल प्रबंधक ने उन्हें मण्डल कार्यालय में आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया।

## राज्यपाल राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कार्यक्रम में हुए शामिल

# पीड़ित जनों के लिए आरोग्य भारती का सेवा भाव अनुकरणीय : राज्यपाल पटेल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि पीड़ित जनों के लिए आरोग्य भारती का सेवा भाव अनुकरणीय है। फिजियोथैरेपी से जुड़े विद्यार्थी और सेवार्थी आरोग्य भारती के सेवा भावी कार्यों से प्रेरणा ले। गरीब, वंचित और पीड़ितों की सेवा के लिए हमेशा सक्रिय सहभागिता करें। राज्यपाल श्री पटेल रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**



राज्यपाल श्री पटेल ने फिजियोथैरेपी से जुड़े विशेषज्ञ और चिकित्सकों से कहा कि सिकल सेल एनीमिया के उपचार और शोध में फिजियोथैरेपी के उपयोग और संभावना पर मंथन करे। उन्होंने कहा कि शरीर और मन की तंदुरूस्ती के लिए युवा स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं। पौष्टिक खान-पान, नियमित योग, व्यायाम, भरपूर पानी और नींद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हम सभी खराब खान-पान और अनियमित जीवनशैली से स्वास्थ्य में गिरावट, परेशानी और कष्ट का अनुभव करते हैं। ऐसे समय में फिजियोथैरेपी के माध्यम से बिना किसी दवा, मरहम और सर्जरी के संपूर्ण स्वास्थ्य को समग्र रूप से ठीक किया जाना सम्भव है। उन्होंने कहा कि फिजिकल थैरेपी, व्यक्ति की जीवन चर्या, खान-पान और शरीर की प्रभावी देखभाल से चमत्कारी परिणाम दे सकती है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सबके लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करने में फिजियोथैरेपी का प्रसार महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इसके लिए जरूरी है कि फिजियोथैरेपी पद्धति का प्रभावी अभिलेखन हो। शोध और अनुसंधान के प्रयासों को और अधिक प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि फिजियोथैरेपी चिकित्सा प्रणाली तक वंचित और गरीब जन की पहुंच बढ़ाने के प्रयासों में आरोग्य भारती जैसी संस्थाऐं समाज का नेतृत्व कर सकती हैं। उन्होंने देशभर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के प्रचार और सहयोग प्रयासों के लिए संस्था की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धनवन्तरी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। श्री पटेल का आरोग्य भारती संस्था भोपाल के कार्यकारी अध्यक्ष ने श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। राष्ट्रीय फिजियोथैरेपी कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अभिजीत देशमुख ने दिया। आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने संस्था के कार्यों और प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। राज्य निजी विश्वविद्यालय विनिमायक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह और चिरायु मेडिकल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. अजय गोयनका ने अपने विचार रखे। आभार डॉ. पी.आर. सुरेश ने माना। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपी से जुड़े चिकित्सक, विशेषज्ञ, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## जरूरी चीजें तीन गुना महंगी

कोरोना महामारी के बाद से गणना की जाए, तो तमाम जरूरी चीजें दो से तीन गुना तक महंगी हो चुकी हैं। कितने लोगों की आमदनी इसी अनुपात में बढ़ी है? मुश्किल से ऐसे 20 फीसदी लोग होंगे। मतलब, 80 प्रतिशत आबादी का जीवन स्तर गिरा है।पहले आसान भाषा में गौर करें। सितंबर में मुद्रास्फीति दर 5.5 प्रतिशत थी। यानी जो वस्तु अगस्त में 100 रुपये की थी, वह सितंबर खत्म होते-होते 105.50 रुपये की हो गई। अक्टूबर में कीमतों में औसत वृद्धि 6.2 फीसदी की हुई। यानी वही वस्तु लगभग 112 रुपये की हो गई है। इस खाद्य महंगाई की दर लगभग पौने दो गुना रही है। कोरोना महामारी के बाद से गणना की जाए, तो ये तमाम चीजें दो से तीन गुना तक महंगी हो चुकी हैं। भारत में कितने लोग ऐसे हैं, जिनकी आमदनी इसी अनुपात में बढ़ी हो? मुश्किल से ऐसे 20 फीसदी लोग होंगे। मतलब, 80 प्रतिशत आबादी का जीवन स्तर इस दौर में गिरा है। जो तबके पांच किलोग्राम मुफ्त अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके मामले में यह मार अवश्य कुछ कम होगी।इसलिए उन रिपोर्टों को आसानी से समझा जा सकता है, जिनके मुताबिक ग्रामीण इलाकों में उपभोग अपेक्षाकृत बढ़ा है, जबकि शहरी इलाकों में गिरावट आई है। इसीलिए गांवों में उपभोग में अपेक्षाकृत वृद्धि भी जीवन स्तर संवरने का सूचक नहीं है। सार यह कि सीमित तबकों को छोड़ कर बाकी विशाल आबादी की जिंदगी लगातार ऊंची चल रही महंगाई दर से मुहाल है। क्या यह हैरतअंगेज नहीं कि यह देश का सर्व-प्रमुख राजनीतिक मुद्दा नहीं है? आज कोई सरकार से नहीं पूछता कि उसके मूल्य स्थिरीकरण कोष से क्या हासिल हुआ? चालू वित्त वर्ष के बजट में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत चलने वाले इस कोष के लिए 10 हजार करोड़ रुपये आवंटित हुए थे।गठन के समय इसका मकसद आवश्यक वस्तुओं के मूल्य पर निगरानी रखना और कीमतों में औचक बढ़ोतरी की स्थिति में दखल देना बताया गया था। अमेरिका से यूरोप तक महंगाई के मुद्दे पर पिछले दो वर्षों में लगातार सरकारें बदली हैं। लेकिन भारतीय राजनीति पर प्रभु वर्ग का शिकंजा इतना कस चुका है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष- दोनों के लिए यह मुद्दा ही नहीं है। जज्बाती सवालों में उलझे इन दोनों पक्षों ने लोगों को महंगाई की चक्की पिसने के लिए छोड़ रखा है।

## संविधान दिवस (26 नवंबर) के अवसर पर

### अपना संविधान

नियमों,कानूनों का संग्रह,
अहम ग्रन्थ में रहता है।
शासन का आधार ये होता,
संविधान जग कहता है।।

आज़ादी के बाद देश में,
अनुपम अवसर आया था।
संविधान सभा ने अपना,
संविधान अपनाया था।।

छब्बीस ग्यारह उनचास को,
संविधान स्वीकार किया।
अधिकार-संग-कर्तव्यों का,
जन-जन को उपहार दिया।।

भेद-भाव बिन संविधान ने,
समता काअधिकार दिया।
भारत की जनता ने इस पर,
अंतस से विश्वास किया।।

लोक तंत्र की शान बना ये,
भारत की पहचान बना।
लिखित रूप में सबसे लंबा,
अपना संविधान बना।।

संविधान आजाद देश का,
गौरव और अभिमान है।
भारत वासी दिल से इसका,
करते नित सम्मान हैं।।

धर्म ग्रन्थ में पावन जैसे,
गीता और क़ुरआन है।
लोकतंत्र में संविधान का,
वही अटल उच्च स्थान है।।

जनता की शक्ति से रक्षित,
संविधान नित रहता है।
संविधान निर्माताओं का,
भाव सभी से कहता है।।



विनय उजाला

रचनाकार-अनिल ओझा, इंदौर

## शान होती है बेटी

एक गांव था, जहां बेटी होने पर सब रोया करते बेटे
होने पर खुशी से झूम उठते, सब को कहते सुना था
बेटा-बेटी एक समान
फिर भी भेद-भाव क्यों ??
अगर आन होता है बेटा,
तो शान होती हैं बेटी,
अगर पैसा कमाता है बेटा
तो उस पैसे का सही उपयोग करने वाली होती है बेटी,
अगर अनाज दुकान से लाता है बेटा
तो उसे खाना बनाकर पेट भरने वाली अन्न-दाता होती है बेटी,
अगर बाप बनने की क्षमता रखने वाला होता है बेटा,
तो नो तक दर्द सहने वाली मां होती है बेटी,
ऐसा नहीं है,
एक बेटी कमा नहीं सकती, एक बेटी बोल नहीं सकती,
एक बेटी कुछ कर नहीं सकती, बस,,
समाज के कारण एक बेटी को चुप रहना पड़ता है,
एक बेटी को सब सहना पड़ता हैं,
एक बेटी को सब सुनना पड़ता हैं,
एक बेटी होने के नाते मैं सबसे पुछती हूं,
की क्या यह भेद भाव सही है??
आज, यह भेद भाव का अंत करते है,
नए युग की स्थापना करते हैं,
बेटा बेटी एक सामान करते है।।
लक्षिता ढाका शान होती है बेटी
एक गांव था,
जहां बेटी होने पर सब रोया करते बेटे होने पर
खुशी से झूम उठते, सब को कहते सुना था
बेटा-बेटी एक समान फिर भी भेद-भाव क्यों ??
अगर आन होता है बेटा,
तो शान होती हैं बेटी, अगर पैसा कमाता है बेटा
तो उस पैसे का सही उपयोग करने वाली होती है बेटी,
अगर अनाज दुकान से लाता है बेटा
तो उसे खाना बनाकर पेट भरने वाली अन्न-दाता होती है बेटी,
अगर बाप बनने की क्षमता रखने वाला होता है बेटा,
तो नो तक दर्द सहने वाली मां होती है बेटी,
ऐसा नहीं है,
एक बेटी कमा नहीं सकती,
एक बेटी बोल नहीं सकती,
एक बेटी कुछ कर नहीं सकती, बस,,
समाज के कारण एक बेटी को चुप रहना पड़ता है,
एक बेटी को सब सहना पड़ता हैं,
एक बेटी को सब सुनना पड़ता हैं,
एक बेटी होने के नाते मैं सबसे पुछती हूं,
की क्या यह भेद भाव सही है?
आज, यह भेद भाव का अंत करते है,
नए युग की स्थापना करते हैं,
बेटा बेटी एक सामान करते है।।



विनय उजाला

नाम- लक्षिता ढाका
भवंस त्रिपुरा विद्या मंदिर

इनमें से जेएमएम को 34 (जोकि राज्य में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है), कांग्रेस को 16, राजद को 4 और सीपीआई(एमएल) लिबरेशन को 2 सीटें हासिल हुईं, जबकि एनडीए में बीजेपी को 21, आल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) व जनता दल(यू) को 1-1 सीट मिली।

# झारखंड-महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव-2024 बेरोजगारी पर भारी कैश ट्रांसफर योजनाएं

डॉ.अनिता राठौर



विनय उजाला



भारत के चुनाव आयोग ने इस चक्र के विधानसभा चुनावों की अधिकारिक घोषणा तो 15 अक्टूबर 2024 को की थी, लेकिन खनिज-सम्पन्न और आदिवासी बहुल झारखंड में चुनाव अभियान 28 जून को ही आरंभ हो गया था, जब हेमंत सोरेन पांच माह जेल में रहने के बाद ज़मानत पर बाहर आये थे। हेमंत सोरेन को भ्रष्टाचार के आरोपों में सलाखों के पीछे भेजा गया था और इस कारण उन्हें मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा देना पड़ा था। हेमंत सोरेन ने इन आरोपों का खंडन किया था और अदालत ने भी उन्हें ज़मानत देते हुए संकेत दिया था कि उन पर भ्रष्टाचार का मामला नहीं बनता है। इस वजह से झारखंड, विशेषकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों, में उनके पक्ष में हमदर्दी की लहर थी, जो तीन मुख्य कारणों से अधिक मज़बूत होती चली गई। एक, बीजेपी ने चंपाई सोरेन (जो हेमंत सोरेन की जेल यात्रा के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री थे) के ज़रिये झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को तोड़ने की कोशिश की, जिसमें वह असफल रही और केवल चंपाई सोरेन ही उनके साथ गये। लेकिन जिस तरह से बीजेपी के मंचों पर चंपाई सोरेन के साथ व्यवहार हुआ उससे आदिवासियों ने खुद को अपमानित महसूस किया। दूसरा यह कि आदिवासी पट्टी में बीजेपी ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे के ज़रिये अपना पूरा अभियान साम्प्रदायिक धुव्रीकरण पर केंद्रित किया जोकि मतदाताओं के गले नहीं उतरा क्योंकि देश की सीमाओं पर तथाकथित घुसपैठ रोकने का काम केंद्र सरकार का है न कि राज्य सरकार का।

तीसरा कारण प्रकृति-पूजा करने वाले आदिवासियों की प्रमुख मांग अपने सरना धर्म व संस्कृति की अलग पहचान की थी, जिसे वह हिन्दू व ईसाई धर्मों से अलग मानते हैं। जेएमएम सरना धर्म के पक्ष में विधानसभा में प्रस्ताव ला चुकी है। नतीजतन बीजेपी को आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 में से 27 सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा। तीसरा यह कि हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन इस चुनाव अभियान में प्रभावी स्टार प्रचारक के रूप में उभरीं। दोनों पति पत्नी ने 200 से अधिक रैलियां कीं, जिनमें वह अपनी कल्याणकारी योजनाओं पर बल दे रहे थे दृ मैय्या सम्मान योजना जिसके तहत 18 से 50 वर्ष की गरीब महिलाओं को सीधे 1,000 रूपये का लाभ दिया जाता है; 40 लाख परिवारों का बिजली का बिल माफ़ करना जोकि लगभग 3,500 करोड़ रूपये का बैठता है; झारखंड के 40 लाख लोगों को 1,000 रूपये की पेंशन। इन कारणों के चलते झारखंड में हर बार नई पार्टी या गठबंधन की सरकार बनने का ट्रेंड टूटा। जेएमएम के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ इंडिया गठबंधन ने लगातार दूसरी बार राज्य में सत्ता हासिल की और उसका प्रदर्शन इस बार पहले से बेहतर रहा।

पांच साल पहले उसने कुल 81 सीटों में से 47 पर जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार उसे 56 सीटों पर कामयाबी मिली। इनमें से जेएमएम को 34 (जोकि राज्य में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है), कांग्रेस को 16, राजद को 4 और सीपीआई(एमएल) लिबरेशन को 2 सीटें हासिल हुईं, जबकि एनडीए में बीजेपी को 21, आल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) व जनता दल(यू) को 1-1 सीट मिली। जहां तक अन्य राज्यों में उप-चुनावों के नतीजों की बात है तो जैसा कि होता आया है, सभी जगह वही पार्टी या गठबंधन लाभ की स्थिति में रहा जोकि संबंधित राज्य में सत्तारूढ़ है। उत्तर प्रदेश में एनडीए ने 9 में से 7 सीटें जीतीं, शेष दो सपा की झोली में गईं। राजस्थान में 7 में से 5 सीटें बीजेपी को मिलीं, जबकि कांग्रेस व बीएपी को 1-1 सीट मिली। पंजाब में 4 में से 3 सीट आप के खाते में आयीं और चौथी सीट पर कांग्रेस विजयी रही। उत्तर पूर्व के तीन राज्यों- असम, मणिपुर व मेघालय की 8 सीटों पर उप-चुनाव हुए जो सभी सत्तारूढ़ एनडीए के खाते में गईं। ध्यान रहे कि सिक्किम में दो विधान सभा सीटों पर उप-चुनाव होने थे, लेकिन उन्हें अक्टूबर में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने निर्विरोध जीत लिया था। पश्चिम बंगाल में 6 विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव हुए और सभी में सत्तारूढ़ तृणमूल विजयी हुई। कर्नाटक में भी सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सभी तीनों सीटों पर जीत दर्ज की, जिन पर उपचुनाव हुए थे। बिहार में भी चारों सीट सत्तारूढ़ गठबंधन के खाते में गईं। इन विधानसभा सीटों के अतिरिक्त दो लोकसभा सीटों पर भी उप-चुनाव हुए थे। केरल की वायनाड लोकसभा सीट को कांग्रेस की प्रियंका गांधी ने जीता और महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट को भी कांग्रेस के ही रविंद्र चव्हाण ने जीता।

बहरहाल, झारखंड में इंडिया गठबंधन की विजय ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि देश में हेमंत सोरेन सबसे बड़े आदिवासी नेता हैं। हाई-वोल्टेज अभियान में उन्होंने सलाखों के पीछे अपने समय को आदिवासी अस्मिता से जोड़ा। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि उसने धरतीपुत्र को झूठे आरोपों में जेल भेजा बल्कि राज्य के गरीबों की सेवा करने से भी रोका। हेमंत सोरेन ने राज्य में आदिवासी व गैर-आदिवासी फाल्टलाइन को भी पाटा, इस बात पर बल देते हुए कि राज्य में सम्पूर्ण विकास की आवश्यकता है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि जब चुनाव परिणामों की घोषणा हुई तो इंडिया गठबंधन ने 29 गैर-आदिवासी सीटों पर भी जीत दर्ज की, जिनमें 9 में से 5 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटें भी हैं। लेकिन इस बार जो दो राज्यों- महाराष्ट्र व झारखंड की विधानसभाओं के लिए चुनाव हुए, उनमें एक चिंताजनक ट्रेंड भी सामने आया। वह यह था कि पैसा बोलता है। कैश काम करता है। जब सरकार की कैश ट्रांसफर योजनाएं भारी भरकम जीत सुनिश्चित कर सकती हैं, तो फिर नेताओं व पार्टियों के लिए जॉब्स क्रिएट करने व बेरोज़गारी कम करने की ज़रुरत कहां है।

अब उम्मीद की जा सकती है कि सभी राजनीतिक पार्टियां कैश ट्रांसफर योजनाओं पर ही बल देंगी। दरअसल, कैश ट्रांसफर योजना तो चंद सप्ताह में ही काम कर गई। अगस्त में जेएमएम ने महिलाओं को प्रति माह 1,000 रूपये देने की घोषणा की थी। बीजेपी ने अक्टूबर में इस समूह को 2100 रूपये देने की बात कही। सोरेन सरकार ने कहा कि वह दिसम्बर से 2500 रूपये देगी। इस प्रकार की बंदरबाट वास्तव में चिंता का विषय है, जैसा कि हर नेता जानता है। अनुभवी नेताओं ने इसके खर्च को लाल झंडी भी दिखायी- महाराष्ट्र में 'लाड़की बहना' का बजट 46 हज़ार करोड़ रूपये है 2.4 करोड़ महिलाओं के लिए, जिसमें वृद्धि ही होगी, जब उसे 2100 रूपये प्रति माह कर दिया जायेगा।

यह पैसा कहां से आयेगा? यह चुनौती का केवल एक हिस्सा है। अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा व स्थायी प्रभाव पड़ेगा। ज़ाहिर है जब कैश ट्रांसफर से अच्छे चुनावी नतीजे मिल रहे हों तो नेताओं के लिए जॉब्स क्रिएट करने की ज़रुरत या प्राथमिकता कहां रह जाती है। जॉबलेस ग्रोथ और जीडीपी पिछले 15 साल से एक ही जगह रुकी हुई है। यह सिर्फ आधी तस्वीर है। आधी न दिखायी देने वाली तस्वीर बेरोजगार कार्यबल है जो प्रति वर्ष 7-8 मिलियन से बढ़ रहा है। राजनीतिक दलों ने लोगों की नब्ज़ पकड़ी हुई है, उनके घोषणा पत्र आय संकट का उल्लेख तो करते हैं, लेकिन सरकारें जॉब अवसर उत्पन्न करने में नाकाम रहती हैं क्योंकि कैश हैंडआउट से काम चल रहा है। यह चुनावी जीत का अच्छा फार्मूला है, लेकिन मध्य व निम्न मध्यवर्ग ऐसे जाल में फंसते जा रहे हैं, जहां उनके लिए कोई आय सुरक्षा नहीं है।

**(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं)**

# एक रामायण जो मेरे अंदर है

अंतरा पटेल

रामायण मानव प्रकृति, मूल्यों व बुराइयों का गहरा विश्लेषण करती हैदृयह गुण-दोष हम सभी के भीतर हैं। मेरा प्रोफेशनल जीवन इंसाफ व निष्ठा के प्रति अटल समर्पण की मांग करता है। लेकिन साथ ही मैं एक साधारण इंसान भी हूं, जो जटिल भावनाओं व संबंधों में संतुलन बनाये रखने का प्रयास करती है। हाल ही में मुझे एक संस्था ने रामायण पर लेक्चर देने के लिए आमंत्रित किया था, जिसकी तैयारी करते हुए मैं सोचने लगी कि रामायण के मुख्य चरित्र मेरे अंदर किस तरह से अभिव्यक्त होते हैं। इससे मैं यह सोचने पर मजबूर हुई कि यह द्वंद मेरे जीवन के फैसलों को किस तरह से प्रभावित करता है।

मर्यादा पुरुषोत्तम राम सुपथ व नैतिक ज़िम्मेदारी के प्रतीक हैं। वह एक ऐसे आदर्श व्यक्ति हैं, जो विपरीत स्थितियों में भी सत्य का साथ नहीं छोड़ते हैं। मैं यह कोशिश करती हूं कि मेरे अधीन जो स्टाफ है,उसके परफॉरमेंस का मूल्यांकन करते हुए मैं इंसाफ व नैतिक सिद्धांतों का पालन करूं। लेकिन उम्मीदों का बोझ कभी-कभार मुझे अपने ही फैसलों पर सवाल उठाने के लिए मजबूर कर देता है। राम को ट्रायल्स का सामना करना पड़ा जिससे उनके संकल्प की परीक्षा हुई। मुझे भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है,जो मुझे गहरे चिंतन में डाल देता है कि ईमानदारी से काम करने का क्या अर्थ होता है। मैं एक बहुत मामूली इंसान हूं, गिरती भी हूं और उठती भी हूं।

सत्य जब मेरा मार्गदर्शन करता है तो किसी के साथ भी भेदभाव करने से मैं बच ही जाती हूं। राम के धनुष की तरह, स्थिर व सच्चा, मैं जो कुछ करती हूं उसमें सुपथ की तलाश रहती है। सीता अटल समर्पण व लचीलेपन की प्रतीक हैं। वह मूल्यों की देवी हैं जो परेशानियों को बर्दाश्त करती हैं, लेकिन राम के लिए उनके प्रेम में कभी कमी नहीं आती है। मेरे व्यक्तिगत जीवन में सीता का लचीलापन मुझे प्रेरित करता है कि मैं उनके प्रति वफादार रहूं और उनकी मदद करूं जिनकी मैं केयर करती हूं।

मेरे प्रोफेशन की मांगें अक्सर कुर्बानियां चाहती हैंदृ अपने प्रियजनों से दूर रहूं या कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भावनात्मक श्रम का निवेश करूं। कठिन परीक्षाओं और गहरे अंधकार में भी सीता का दिल वहीँ रहता है,जहां उनका प्यार है। हर तूफ़ान के सामने भी उनकी हिम्मत बरकरार रहती है, आशा के दीप जल उठते हैं। लक्ष्मण स्वामिभक्ति व बहादुरी के प्रतीक हैं। वह हर अच्छे बुरे में राम के साथ खड़े रहते हैं। मैं लक्ष्मण की तरह हमेशा रहने व साहस से काम लेने की कोशिश करती हूं। लेकिन यह स्वामिभक्ति कभी-कभी टकराव की स्थिति उत्पन्न कर देती है, जब व्यावसायिक जिम्मेदारियां और व्यक्तिगत संबंधों में संतुलन बनाने की ज़रुरत आ पड़ती है। तब स्वामिभक्ति के नाम पर मैं साहस के साथ स्टैंड लेती हूं। जैसे लक्ष्मण खड़े हों राम के साथ वैसे ही मैं हर चुनौती का सामना गर्व व हिम्मत के साथ करती हूं।

हनुमान जी अत्यधिक भक्ति व साहस के प्रतीक हैं। वह पूरी तरह से राम के प्रति समर्पित हैं, जिससे वह रामायण के प्रिय चरित्र बन जाते हैं। जीवन में प्रगति करने के लिए साहस का होना आवश्यक है। व्यक्ति को जब असहज सच्चाइयों का सामना करना पड़ता है या जब कमजोरों के लिए आवाज़ उठानी पड़ती है तब, कम से कम मेरे लिए, हनुमान का साहस प्रेरणास्रोत बन जाता है। दिल में उमंगों के दीप जलते हुए, निडर, मैं हर चुनौती का सामना करती हूं। हनुमान जैसी मज़बूत आस्था और अपने अंदर के प्रकाश के साथ मैं ऊपर उठती हूं। रामायण का एक और मुख्य पात्र रावण अहंकार व अनियंत्रित इच्छा का प्रतीक है, जो महत्वकांक्षा से भरा हुआ है, जिसके कारण आख़िरकार उसका पतन होता है। अहंकार बहुत खतरनाक होता है, चाहे मेरे अंदर हो या आपके। जीवन में ऐसे पल अवश्य आते हैं जब अहंकार हमारे फैसलों पर काले बादलों की तरह छा जाता है, जिससे हमारे निर्णयों में इंसाफ की बजाय स्वार्थ आ जाता है। इन तत्वों को पहचानने के बाद ही आत्ममंथन संभव हो पाता है, तब रावण का जो आख़िरकार हाल हुआ उससे सबक मिलता है।

रामायण के प्रिय पात्र भरत निरूस्वार्थता और बलिदान के प्रतीक हैं, जो व्यक्तिगत महत्वकांक्षा पर परिवार को वरीयता देते हैं। भरत की निरूस्वार्थता मेरे अंदर उस समय प्रतिविम्बित होती है, जब मैं अपनी प्रोफेशनल जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत जिम्मेदारियों से संतुलित करने का प्रयास करती हूं। ऐसा भी समय आता है जब मैं अपनी व्यक्तिगत इच्छाओं पर अपनी ड्यूटी को वरीयता देती हूं, लेकिन इस स्थिति के चलते अक्सर मैं अपनी सेहत को अनदेखा कर देती हूं। भरत की तरह मैं खुले दिल से सेवा करने का प्रयास करती हूं।

वास्तव में हम जो भी फैसले करते हैं वह हमारे आसपास के लोगों और समाज को प्रभावित करते हैं। इसलिए हमें सोचना चाहिए कि हम रामायण के किस चरित्र का अनुसरण करते हैं। यह जानने के लिए हमें अपने अंदर झांकना होता है और फिर अपने गुणों को संवारना पड्ता है व कमियों को दूर करने का प्रयास करना होता है। जहां तक मेरी बात है तो मैं अपने अंदर राम के सीधे सच्चे मार्ग और सीता के लचीलेपन को लाने की कोशिश करती हूं।

विनय उजाला

**- इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## तेरा मेरा रिश्ता

तू न, बदल सा गया है
या शायद मै ही बदल गई।
वह जाना सा रूह तो है
पर वह रिश्ता कही चली गई।
वह नजरें, वह आँखें,
वह चुप्पी, वह बातें,
सब बदल सा गया,
या फिर बदल है गया वह मोह-माया?

छोटी-से-छोटी बातें,
हर दिन की घटनाएँ
कहता था तू मुझे,
क्या याद है वह कथाएँ?
पर, आज ऐसा होता नहीं,
वायदे वह रहे नहीं,
पास तो है पर दिल से दूर
बता ना, क्या थी मेरी कसूर ?

आज थे हम आमने सामने,
हुई नही बातें हमारे बीच में ।
पहचाना सा शक्ज़ अनजान बन गया,
और ऐसे, हमारा रिश्ता बदल गया।



विनय उजाला

सृजा गांगुलीभवंस
त्रिपुरा विद्यामंदिर
आगरतला, त्रिपुरा

## आज का इतिहास... 26 नवम्बर

### 26 नवंबर को कोई विश्व दिवस मनाया जाता है

भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इसे राष्ट्रीय कानून दिवस भी कहा जाता है। 26 नवंबर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था. यह 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। साल 2015 में पहली बार संविधान दिवस मनाया गया था।



विनय उजाला

शिवानी गुप्ता

# नए शोध के अनुसार नियमित रूप से बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद रिकवरी बेहतर हो सकती है

विनय उजाला



**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन 1 में पता चला है कि नियमित रूप से बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद दर्द और मांसपेशियों की क्षति को कम करते हुए रिकवरी में मदद मिल सकती है। वहीं मांसपेशी भी अच्छी तरह काम करती हैं। ऐसा खाना जो एक्सरसाइज की वजह से होने वाली मांसपेशियों की थकान और दर्द को कम करते हुए ठीक होने में मदद करते हैं, उससे लोगों को एक्सरसाइज की अपनी दिनचर्या पर कायम रहने में मदद मिल सकती है। ये नए परिणाम वैज्ञानिक प्रमाणों की लगातार बढ़ रही संख्या में शामिल है जिनमें बताया गया है कि एक्सरसाइज के बाद बादाम रिकवरी में कैसे असर दिखाता है। पहले के अध्ययनों में थकान और एक्सरसाइज मेटाबॉलिज्म् 2 पर बादाम के प्रभावों के बारे में पड़ताल की गई। साथ ही बादाम खाने से मांसपेशयों के दर्द और क्षमता 3 पर बादाम खाने के प्रभाव के बारे में पता लगाया गया।

करेंट डेवलपमेंट्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित और आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्तपोषित इस नए अक्रमिक क्रॉसओवर अध्ययन में हफ्ते में एक से चार घंटे अध्ययन करने वाले 26 मध्यम आयु-वर्ग के वयस्कों पर शोध किया गया। स्वस्थ या थोड़े ओवरवेट (बॉडी मास इंडेक्स,(बीएमआई) 23-30) उन वयस्कों ने आठ हफ्तों तक रोजाना दो औंस (57 ग्राम) साबुत बादाम खाया या कैलोरी अनुकूल (तीन औंस/86 ग्राम) अनसॉल्टेड प्रेट्ज़ेल खाया। आठ हफ्तों तक बादाम खाने या चार हफ्तों के वॉशआउट अवधि के साथ दो अंतराल के बीच में नियंत्रित रूप से खाना खाने के बाद अध्ययन में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों ने मांसपेशियों की क्षति को बढ़ाने के लिए 30-मिनट का डाउनहिल ट्रेडमिल रन किया। इसके तुरंत बाद ही उन्हें रोजाना का दो औंस (57ग्राम) बादाम या कैलोरी अनुकूल प्रेट्ज़ेल दिए गए। ट्रेडमिल पर दौड़ लगाने के बाद उन प्रतिभागियों ने तीन दिनों तक अपने रोजाना की बादाम या प्रेट्ज़ेल की मात्रा ली।

शोधकर्ताओं ने ट्रेडमिल पर दौड़ने से पहले और ट्रेडमिल पर दौड़ लगाने के 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटों के बाद प्रतिभागियों के मांसपेशियों के दर्द, उसकी परफॉर्मेंस (मांसपेशियों के सिकुड़न परीक्षण और वर्टिकल जम्प के माध्यम से मूल्यांकन किया गया) तथा मांसपेशियों की क्षति/सूजन (क्रिएटिन काइनेज, सी-रिएक्टिव प्रोटीन, मायोग्लोबिन और एंटीऑक्सीडेंट क्षमता) के रक्त संकेतों का पता लगाया।

मांसपेशियों की क्षति और सूजन के बायोकेमिकल संकेतक (जैसे सी-रिएक्टिव प्रोटीन, मायोग्लोबिन संकुचन और कुल एंटीऑक्सीडेंट क्षमता) में कोई अंतर नहीं आया था। यह अध्ययन धूम्रपान ना करने वाले वयस्कों पर किया गया था जोकि हफ्ते में एक से चार घंटे एक्सरसाइज करते थे और उनका वजन सेहतमंद था या वे थोड़े ओवरवेट थे। इसलिए ये परिणाम अन्य इलाकों और स्वास्थ्य लक्षणों वाले लोगों पर लागू नहीं होता। आगे होने वाले अध्ययनों में रिकवरी की लंबी अवधि की माप को भी शामिल किया जाना चाहिए।

डॉ. मार्क केरेन, पीएचडी, आरडी, सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी में एक्सरसाइज एवं न्यूट्रिशनल साइंसेस के प्रोफेसर ने कहा, हमारा अध्ययन फिटनेस रिकवरी में बादाम की मददगार भूमिका पर थोड़ी और रोशनी डालता है। बादाम में काफी सारे पोषक तत्व होते हैं, जिन्हें हम एक्सरसाइज रिकवरी में मददगार मानते हैं। उनमें शामिल हैं प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स। इन पोषक तत्वों को पूरे फूड पैकेज के रूप में दिया जाता है, ना कि विटामिन सप्लीमेंट के रूप में जोकि इस अध्ययन में बादाम के पाए गए फायदों में अपना योगदान दे सकता है।''

## संक्षिप्त समाचार

### जल संरक्षण के लिए दो बोरी बंधान बनाए





**बड़वानी, निप्र।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत पाटी विकासखंड के बीएस डब्ल्यू एमएस डब्ल्यू के छात्रों एवं सेक्टर गंधवाल और ठान की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से ग्राम आंवली के झरिया नाला में दो बोरी बंधान का निर्माण किया।ब्लॉक समन्वयक श्री कमल बामनिया ने बताया कि जल संरक्षण के लिए दो बोरी बंधान बनवाए।सामुदायिक कौशल के अंतर्गत छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकास हो इसी दृष्टि से सर्वांगीण विकास किया जाता है।इसी के तहत समाज मे सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बोरी बनाने का निर्माण कर छात्रों ने सामुदायिक कौशल को सीखा।इस बंधान निर्माण के दौरान मेंटर डॉ.विनय गोरे, श्री सुनील गुप्ता श्री धर्मेंद्र भावसार एवं अनिल पाटीदार का सहयोग रहा और नवांकुर संस्था के दीवान और भाकिराम ने संयुक्त प्रयास किया छात्रों में सावन, निलेश गोले, विक्रम, नानूराम, लालसिंह, मोहन सिंह, अरविंद, करण, कमलेश मंशाराम, रेहान सिंह, जगदीश, भारसिंह सस्ते, श्रावण सस्ते, रेहानसिंह सस्ते, भायजा प्रवीण, तूफान अलावे, रवि, पतिराम राहुल राठौर, शांतिलाल गुर्जर सहित अनेक छात्रों ने पूरी क्षमता के साथ रेत की बोरियां भरकर डेढ़ सौ बोरियों के दो बोरी बंधान का निर्माण किया। इन बंधान से आंवली के किसानों को लाभ प्राप्त होगा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष इंगले ने नवगठित बूथ समितियों एवं बूथ अध्यक्षों का अंगवस्त्र से किया सम्मान



**बड़वानी, निप्र।** संगठन पर्व 2024 के तहत नवगठित बूथ समितियो एवं बूथ अध्यक्षो का सम्मान जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले द्वारा भाजपा कार्यालय पर किया गया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले ने जिला भाजपा कार्यालय पर नवगठित बूथ समितियो एवं बूथ अध्यक्षो का अंगवस्त्र से एवं मुंह मीठा करवा कर सम्मान किया। इसी क्रम में बड़वानी नगर के वार्ड 10 के बूथ क्रमांक 187 के बूथ अध्यक्ष नरेंद्र बर्फा का एवं वार्ड 03, वार्ड 04 एवं वार्ड 21 के बूथ अध्यक्षो एवं समितियो का सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले ने बताया कि जिले भर में 332 बूथों पर नवनगठित बूथ समितियो एवं अध्यक्षो का सम्मान का कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधिगणो, जिला पदाधिकारियो एवं वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ तथा आगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ पर जिस लगन और मेहनत के साथ कार्य करता है उसी का परिणाम है कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में पार्टी को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई मध्य प्रदेश भाजपा संगठन संपूर्ण देश में सशक्त एवं अनुशासित माना जाता है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मिथुन यादव, कार्यालय मंत्री राजेन्द्र सोनी, नरेंद्र बर्फा, पार्षद द्वय सचिन चौहान व शंकर कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने 51 हितग्राहियों को किया चिन्हांकित

**खरगोन, निप्र।** 25 नवंबर को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह के निर्देशानुसार जनपद पंचायत परिसर भीकनगांव में एलिम्कों उज्जैन द्वारा भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया इनमें से 51 हितग्राहियों को चिन्हांकित किया गया। एलिम्को के डॉक्टर्स द्वारा परीक्षण उपरांत हितग्राहियों का सहायक उपकरण वितरण के लिये चयन हुआ। शिविर में एलिम्को के विषेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती पूजा मालाकार सैनी, जनपद अध्यक्ष सरदार सिंह रावत, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश जायसवाल, जनपद सदस्य शांतिलाल मुकाती, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण खरगोन के देवराम कुशवाह, प्रमोद चौहान, खण्ड पंचायत अधिकारी दादूराम यादव, सुनिल पवार, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी पंकज अजनार, नगर परिषद के सुनिल चोलकर एवं सचिव, रोजगार सहायक, मोबेलाईजर्स की टीम उपस्थित रही।

### संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में भी मनाया जाएगा संविधान दिवस

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश भर में संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की राजधानी में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। खरगोन जिले में भी पंचायत स्तर से लेकर नगरीय क्षेत्र एवं स्कूलों कॉलेजों में भी संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सभी विभागों के अधिकारियों को संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। 26 नवंबर को संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजन के लिए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तथा शहरी विकास अभिकरण के परियोजना एमआर निगवाल को नगरीय क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। संविधान दिवस 26 नवंबर से प्रारंभ होकर साल भर चलने वाला उत्सव हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान टेग लाईन के तहत आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता के बाद देश का संविधान 26 नवम्बर 1949 को स्वीकार किया गया था। इस दिवस को देश भर में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिले में 26 नवम्बर को जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर तक संविधान दिवस मनाया जाएगा। सभी कार्यालयों में प्रात: 11 बजे संविधान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन कर, संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में भी संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित करायेंग।

# धनगर भारुड़ समाज की महिलाओं ने भरी हुंकार समाज में फैली कुरीतियों पर अब मिलकर करेंगे वार

## धनगर भारुड़ समाज की महिलाओं ने एकजुट होकर की देवी अहिल्याबाई होलकर की पूजा-अर्चना

नवीन कुशवाह





**महेश्वर। नगर महेश्वर में धनगर भारुड़ समाज की महिलाओं ने देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में किला परिसर स्थित माँ साहेब की राजगादी एवं राजबाडा परिसर में रखी प्रतिमा की पुजा अर्चना कर महिलाओं ने मिलन समारोह का आयोजन किया गया।**

धनगर भारुड समाज सहयोग संघ की शाखा माँ अहिल्या नारी शक्ति संगठन मध्यप्रदेश के तत्वावधान में आयोजित महिलाओं के मिलन समारोह में सर्व प्रथम सन्त सिंगाजी महाराज और देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर देवी अहिल्याबाई होलकर की जयकारे लगाए। कार्यक्रम में पांच जिले इंदौर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी एवं धार से महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन चांदनी धनगर और अलका धनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष लज्जा धनगर ने पांच जिला अध्यक्षों की घोषणा की। जिसमें इंदौर जिला अध्यक्ष ममता धनगर, खरगोन जिला अध्यक्ष अर्पिता धनगर, खंडवा जिला अध्यक्ष संगीता धनगर, बड़वानी जिला अध्यक्ष अनिता धनगर, धार जिला अध्यक्ष मोनिका धनगर को मनोनीत किया गया। मिलन समारोह में देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए गए समाजसेवा के कार्यो से प्रेरणा लेकर महिला संगठन भी अब समाज सेवा करते हुए समाज को नई दिशा देने के लिए कार्य करेगा।

### कुरूतियों को किया जाएगा बंद

माँ अहिल्या नारी शक्ति संगठन मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष लज्जा धनगर ने बताया कि समाज में फैली कु रीतियों को हम महिलाओं को एक जुट होकर बंद करना है।आप साथ मे हो तो हम हर बुराई से लड़ने को तैयार है।नारी शक्ति चाहे जो कर सकती है।हमे सबसे पहले मृत्यु भोज कार्यक्रम में दिए जाने वाले बर्तन लायन प्रथा को बंद करना चाहिए।दूसरा हॉस्पिटल में बीमार व्यक्ति को देखने जाए तो उसे कपड़े की बजाय लिफाफे में नगद राशि भेंट करे। जिससे उसको आर्थिक सहायता मिल सके।सभी महिलाओं ने इसका समर्थन करते हुए दोनों बातों पर अमल करने की बात कहीं।

कार्यक्रम में समाज मे फैली कु रीतियों पर महिलाओं द्वारा बेबाकी से चर्चा कर उन्हें बंद करने की बात पर जोर दिया।

### बेटी को शेरनी बनाओं

चांदनी धनगर ने संचालन करते हुए कहा कि बेटी को परी के साथ शेरनी भी बनाओ। अपनी बेटियों को आगे बढ़ाए पढ़ाए लिखाये। बेटियों की शादी कम उम्र में नही करना चाहिए। बेटियों को रोजगार के अवसर दे क्योंकि बेटा कमा सकता है तो बेटी भी कमा सकती है। पहले जो सोच थी की बेटा ही हमारा बुढ़ापे का सहारा है पर अब बेटी भी एक सहारा है। आप बेटीयो को शिक्षा व रोजगार दे वह भी आपकी सेवा करेगी।

### लड़का-लड़की को बराबर समझें

अनिता धनगर ने कहा कि लड़का और लड़की को समाज मे समान अधिकारी मिलना चाहिए। हमेशा लड़कीयो को ही रोका टोकी और ताने मारे जाते है। समाज मे लड़को के लिए भी यह नियम लागू होना चाहिए। लड़का और लड़कियों को सामान अधिकारी मिलना चाहिए।

### माँ साहेब की पूजा-अर्चना की

कार्यक्रम के पहले धनगर समाज द्वारा भी माँ साहेब की पूजा अर्चना की।इस दौरान माँ अहिल्या देवी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं धनगर भारुड समाज सहयोग संघ की शाखा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश धनगर, भारुड़ समाज ओम्कारेश्वर धर्मशाला कोषाध्यक्ष रामचन्द्र गुजर, भारुड़ समाज मीडिया प्रभारी भगत पटेल, महादेव धनगर मोहन धनगर कैलाश धनगर प्रदेश उपाध्यक्ष चंपालाल धनगर पप्पू धनगर नंदराम पटेल हीरालाल धनगर धनराज धनगर शोभाराम धनगर महेश धनगर अनोखीलाल धनगर संतोष धनगर लोभिराम धनगर आदि मौजूद रहे।

# सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को प्रदेश सहित चार राज्यों के केंद्रीय पर्यवेक्षक की सौंपी कमान

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** खरगौन-बड़वानी सांसद एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश इकाई के समन्वय हेतु मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना राज्यो में केंद्रीय पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया।



जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री अरुण सिंह ने पत्र जारी करते हुए जानकारी दी कि संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जगत प्रकाश जी नड्डा ने राष्ट्रीय चुनाव एवं प्रदेश इकाई के समन्वय हेतु सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को चार राज्यो जिसमे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना राज्य का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। सांसद श्री गजेंद्र पटेल की नियुक्ति पर जिले भर में हर्ष व्याप्त है। भाजपा की सदस्यता लेना राष्ट्रीय उत्थान में उठाया महत्वपूर्ण कदम- सांसद पटेल सांसद श्री पटेल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमे लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप संगठन के विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न किये जाते है। संगठन पर्व-2024 के अंतर्गत प्राथमिक व सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद बूथ अध्यक्षो व बूथ समितियो के गठन का कार्य देशभर में सफलता पूर्वक चल रहा है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेना न केवल व्यक्तिगत, बल्कि राष्ट्रीय उत्थान की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री पटेल की नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष कमलनयन इंगले, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, पानसेमल विधायक श्याम बरडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष विकास आर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, जिला महामंत्री अजय यादव व विक्रम चौहान, भगवती प्रसाद शिंदे, राजेन्द्र भावसार, राजेन्द्र सोनी, अम्रतलाल अग्रवाल, सुरेंद्र गोहलोत, मिथुन यादव, नरेंद्र बर्फा व जिला पदाधिकारीयो, सभी मोर्चा अध्यक्षो, मण्डल अध्यक्षो तथा जनप्रतिनिधिगणो आदि ने हर्ष जताकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## मुस्कान अभियान

# बलकवाड़ा, बड़वाह, सनावद और खरगोन पुलिस ने नाबालिग बालिकाओं को ढूंढ़कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** बलकवाड़ा, बड़वाह, सनावद और खरगोन पुलिस ने नाबालिग बालिकाओं को ढुंढकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया। ज्ञातव्य रहे कि बलकवाड़ा थाने में 03.05.2024 और 23.09.2024 को नाबालिक बालिकाओं के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज की जाकर तथा अपराध क्रमांक 233/24 धारा 137(2) बीएनएस ए अपराध क्रमांक 417/24 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में था।

बलकवाडा थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश यादव के नेतृत्व मे प्रआर गोकुल मेवाड़े, आर देवीसिंह,आर घनश्याम गोयल और अजय द्वारा दोनों नाबालिग बालिकाओं को पोरबंदर गुजरात से सकुशल ढुंढकर कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### बड़वाह पुलिस

दिनांक 16.07.2024 को और दिनांक 18.03.2024 थाने में नाबालिग बालिकाओं के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर अपराध क्रमांक 166/24 धारा 137(2) बीएनएस अपराध क्रमांक 415/24 धारा 137(2) प्रकरण पंजीबद्ध होकर विवेचना में था। बड़वाह थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक मोहर सिंह बघेल, सहायक उपनिरीक्षक अजेश जायसवाल, प्रआर संदीप चौहान और सायबर सेल टीम का द्वारा बालिकाओं को द्वारका गुजरात से ढुंढ कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### सनावद पुलिस

सनावद थाने में दिनांक 29.04.2024 और दिनांक 26.07.24 को नाबालिक बालिकाओं के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर सनावद थाने में अपराध क्रमांक 169/24 धारा 137(2) बीएनएस तथा अपराध क्रमांक 237/24 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध होकर विवेचना में था। सनावद थाना प्रभारी निरीक्षक इंद्रेश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक चैनसिंह सोलंकी, उपनिरीक्षक करण डावर, सहायक उपनिरीक्षक नवनीत चतुर्वेदी, प्रआर संदीप चौहान, आर कुंदन पाटीदार, आर प्रकाश चौहान, आर नरेंद्र, मआर अन्नपूर्ण तिवारी और सायबर सेल द्वारा नाबालिग बालिकाओं को जिला राजकोट गुजरात से ढुंढ कर बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द किया।

### थाना कोतवाली खरगोन पुलिस

दिनांक 18.07.2024 और दिनांक 30.08.24 को खरगोन पुलिस कोतवाली पर बालिकाओं के गुमशुदा होने की दर्ज रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 403/24 और अपराध क्रमांक 353/24 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध होकर विवेचना में था। थाना प्रभारी कोतवाली खरगोन निरीक्षक बीएल मण्डलोई के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिरसाठ, उपनिरीक्षक दीवानसिंह नरगावे, सहायक उपनिरीक्षक आशीष सोमवनशी, प्रआर अनिल खेड़कर, प्रआर श्याम पवार, मप्रआर सुनीता पवार, आर आले अली, मआर पूजा, आर मुद्दसर व सायबर सेल टीम द्वारा नाबालिग बालिकाओं को महाराष्ट्र के पुणे से सकुशल ढुंढकर परिजनों के सुपूर्द किया।

# नगर परिषद महेश्वर में हुआ राशन पर्ची का वितरण

विनय उजाला




**महेश्वर, निप्र।** नगर परिषद ने सोमवार को राशन खाद्यान्न पर्ची का वितरण किया। नगर परिषद कार्यालय में दोपहर को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव उपाध्यक्ष सचिन शर्मा नगर परिषद सीएमओ प्रियंक पण्ड्या के साथ पार्षदों की उपस्थिति में 1 से 15 वार्ड के पात्र हितग्राहियों को राशन खाद्यान्न पर्ची का वितरण किया गया। जिसमें प्रथम दिन 120 पर्चियां का वितरण किया गया।

जानकारी देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने बताया कि शासन प्रशासन के नियम अनुसार पात्र हितग्राहियों को आने वाले दिनों में भी राशन खाद्यान्न पर्ची का वितरण किया जाना जारी रहेगा। नगर परिषद में शासन के नियमानुसार राशन खाद्यान्न पर्ची का कार्य जोरों पर चल रहा है। अध्यक्ष प्रतिनिधि यादव ने बताया कि विगत दिनों शासन के निर्देश अनुसार श्रमिक कार्ड बनाने को लेकर सर्वे किया गया था जिनके श्रमिक कार्ड बने हुए थे उन्हें भी इस योजना से जोड़ा गया है। क्योंकि कई लोगों को राशन नहीं मिलने से आमजन परेशान हो रहे थे। खाद्यान्न पर्ची वितरण के दौरान नगर परिषद के पार्षदों में शैलेंद्र जैन विक्रम यादव शेरू अंसारी रविराज चौहान लखन बिलवाल विजयलक्ष्मी कानूनगो लकी गुप्ता महेश गहलोत के अलावा अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

**खरगोन, निप्र।** रबी सीजन 2024-25 के लिए किसानों को उनके आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध कराया जा रहा है।खरगोन जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डार उपलब्ध है।कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।उप संचालक कृषि एमएस सोलंकी ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक खरगोन जिले में किसानों को 18 हजार 93 मेट्रिक टन यूरिया 3071 मेट्रिक टन डीएपी, 1301 मेट्रिक टन म्यूरेट ऑफ पोटाश, 9070 मेट्रिक टन एनपीके एवं 13 हजार 775 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट का वितरण किया जा चुका है।वर्तमान में जिले में 9228 मेट्रिक टन यूरिया, 375 मेट्रिक टन डीएपी, 2570 मेट्रिक टन म्यूरेट ऑफ पोटाश, 3792 मेट्रिक टन एनपीके एवं 19750 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का भण्डारण उपलब्ध है।उप संचालक एम एस सोलंकी ने बताया कि खण्डवा रेक पाईंट पर खरगोन जिले के लिए 825 मेट्रिक टन डीएपी लेकर मालगाड़ी पहुंची है।26 नवंबर को इंदौर रेक पाईंट पर खरगोन जिले के लिए 100 मेट्रिक टन यूरिया एवं 27 नवंबर को सनावद व खण्डवा रेक पाईंट पर 01 हजार मेट्रिक टन यूरिया लेकर मालगाड़ी पहुंचने वाली है।किसानों को उर्वरक का वितरण करने के साथ ही आवश्यकता के अनुसार उर्वरक का भण्डारण किया जा रहा है।

## थाना बड़वानी पुलिस ने किया मोटर साइकिल चोर को किया गिरफ्तार, चोरी की गई मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स कीमत लगभग 60,000 की जब्त

# बड़वानी पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा

विनय उजाला

**बडवानी, निप्र। पुलिस थाना क्षेत्र में विगत कुछ दिनों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं घटित हो रही थीं।**

इन वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार और एसडीओपी दिनेशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली की एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों से हर अपराध की बारिकी से जांच की और 24/11/2024 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त की कि एक युवक, जिसकी उम्र लगभग 20-25 साल है, बोमिया रोड स्थित देवा ढाबे के पास चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की योजना बना रहा है।मुखबिर की सूचना पर टीम ने बोमिया रोड पर देवा ढाबे के पास छापेमारी की और आरोपी असीम पिता सफीक मंसूरी, जाति मुसलमान, उम्र 26 साल, निवासी चुना भट्टी, बडवानी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने अपने दो साथी के साथ लगभग 10-11 दिन पहले शाही मस्जिद रानीपुरा से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी, जिसे वह आज बेचने के लिए जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और बाइक जप्त कर ली गई। अन्य दो सहयोगियों की तलाश जारी है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, उनि रविंद्र कन्नौज, प्रआर.29 दीपक डोड़ियार, प्रआर.70 शैलेन्द्र, प्रआर.407 संदेश, प्रआर.410 रजनीश, प्रआर.180 योगेश पाटील, प्रआर.342 हरेसिंह अलावा का योगदान सराहनीय रहा।



## संक्षिप्त समाचार

### पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित



**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्षीरसागर मलखंब सेंटर के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें 14 से 18 नवंबर तक बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता में पदक जीतने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित करने पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं भविष्य में हर संभव सहयोग प्रदान करने को आश्वस्त किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी श्री हारोड, खेल प्रशिक्षक श्री मोहनलाल बंबोरिया उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में यतीन कोरी ने 4 स्वर्ण पदक, प्रवीण कोरी व सुश्री जैसिका प्रजापति ने 2 रजत पदक, सुश्री दृष्टि ने 1 रजत पदक एवं सुश्री चार्वी कोरी, सुश्री वैशाली भामुरी, सुश्री संजना प्रजापति, अनिकेत सिसौदिया ने भी टीम इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

### स्वास्थ्य संस्थाओं मे बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा 70 वर्ष या इससे अधिक उम्र के नागरिकों को भी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना योजना मे शामिल कर योजना का लाभ देने हेतु निर्णय लिया है एवं इनके भी आयुष्मान कार्ड निरन्तर बनाये जा रहे है। 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो को निजी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं या कर्मचारी राज्य बीमा योजना अर्न्तगत आते है वे भी आयुष्मान भारत योजना के तहत् लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। योजना हेतु पात्रता का निर्धारण आधार कार्ड मे दर्ज आयु के आधार पर किया जायेगा तथा पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जायेगा तथा पंजीकरण के लिये आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. ,फेमेली आई.डी. की आवश्यकता होगी। पात्र वरिष्ठ नागरिको को एक नया विशिष्ट कार्ड जारी किया जायेगा। 70 या इससे अधिक आयु वर्ग के नागरिकों से अपील है कि अपने आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. को लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं मे संपर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवायें।

### निमोनिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग का सांस अभियान

**उज्जैन, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी दी गई की बाल मृत्यु में कमी लाना मध्यप्रदेश शासन का प्रमुख लक्ष्य है। पांच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु का प्रमुख कारण निमोनिया संक्रमण है। देश में बाल्यकाल में 17.5 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। एस.आर. एस. 2020 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में अंडर-5 मोर्टालिटी 51 प्रति 1000 जीवित जन्म है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के जिलों में दिनांक 12 नवंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक सांस अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

### सिटी बसों को संचालन निगम स्तर पर पुन: प्रारंभ किया जाए : महापौर



**उज्जैन, निप्र।** सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड कार्यालय का निरीक्षण करते हुए सिटी बस डिपो में खड़ी बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आपने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शहर में बसों का संचालन पुन: किया जाए जिससे नागरिकों एवं यात्रियों को आवागमन में सुविधा हो, डिपो में खड़ी बसों से यदि किसी भी प्रकार के उपकरण बैटरी, स्पेयर पार्ट्स चौरी ना हो इस का ध्यान रखा जाए इस हेतु जिम्मेदारी तय की जाए। बसों का संचालन प्रारंभ किया जाए इस हेतु शीघ्र कार्यवाही करें ताकि सिटी बस सुविधा से शहरवासी वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रीमती कृतिका भीमावत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रभाकर यादव, सिटी बस के महाप्रबंधक रवि राठौर उपस्थित रहे।

### गोवंश का सिर मिलने से हडक़ंप मचा

**नागदा जं, निप्र।** फातिमा स्कूल के सामने वाली गली में गोवंश का सिर मिलने से सोमवार की सुबह हडक़ंप मच गया। हिंदू संगठन के कुछ पदाधिकारी, पुलिस मौके पर पहुंची। समीप ही रहने वाले रेलवे कर्मचारी ने बताया कि रात्रि 11:30 पड़ा हुआ दिखा था। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि स्वान खींचकर लाए है। टीआई अमृतलाल गवरी ने पुलिस फोर्स के साथ जब कोटा रेलवे ट्रैक पर सर्चिंग की तो एगोशदीप स्कूल से कुछ दूरी पर गोवंश की बॉडी मिली। आरपीएफ से संपर्क करने पर पता चला कि रात्रि 8:30 बजे ट्रेन की चपेट में आने से दुर्घटना हुई थी। टीआई गवरी ने नगर पालिका की टीम से गोवंश के अंतिम संस्कार करवाया। इस दौरान पार्षद शशिकांत मावर, पूर्व पार्षद योगेश मीणा सहित हिन्दू संगठन के पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।

### जिपं सदस्य मालवीय ने मोटर पम्प उपलब्ध कराया



**नागदा जं, निप्र।** ग्राम पंचायत रानीपिपल्या के अंतर्गत आने वाले गांव में पेयजल संकट की सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य राधा पिता भीमराज मालवीय ने निजी खर्च से ग्रामीणों को मोटर पम्प उपलब्ध कराया। इस अवसर पर संतोष मालवीय, रईस मंसूरी, श्यामलाल पंडय़ा सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### समस्याओं के निराकरण हेतु महापौर ने जारी किया नम्बर

**उज्जैन, निप्र।** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु नया नंबर 91099-04555 जारी किया गया है जिसके माध्यम से शहरवासी अपनी शिकायते, समस्याएं एवं सुझाव महापौर मुकेश टटवाल तक सीधे पहुंचा सकते हैं उक्त जारी नंबर का संचालन महापौर द्वारा किया जाएगा।

पुलिस को चोरी की घटना में मिली बड़ी सफलता

# आश्रम में हुई थी चोरी, पुलिस ने 24 घंटे में किये आरोपी गिरफ्तार

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** थाना महाकाल क्षेत्र स्थित योगमाया आश्रम में शनिवार की मध्य रात्रि में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर चोरी गए लाखों की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और चांदी के सिक्कों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। योगमाया आश्रम की महंत ने उज्जैन पुलिस की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक व उनकी टीम को शॉल, व श्री फल देकर किया सम्मानित।

मिली जानकारी के अनुसार योगमाया आश्रम में शनिवार की मध्य रात्रि में शातिर चोरों ने दरवाजे और अलमारी तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व अन्य कीमती वस्तुएं चुरा ली थीं। इस संबंध में आश्रम की महंत ने थाना महाकाल पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले में पुलिस अधीक्षक उज्जैन के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) नितेश भार्गव, नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग कोतवाली ओ.पी. मिश्रा के निर्देशन में थाना महाकाल, सायबर सेल और क्राइम ब्रांच की



टीम गठित कर आस-पास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। इसके बाद दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। और बताया की आश्रम में आने-जाने वाली महिला कुसुम उर्फ कलावती उर्फ कल्याणी मुलिक निवासी भमोरी प्लाजा, इंदौर ने योजनानुसार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस पर पुलिस ने महिला आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को रवाना किया। आरोपियों से घटना एवं ज़िले की अन्य चोरी नकबजनी कि घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही हैं।

पुलिस ने बताया की महेंद्र पिता देवी उम्र 45 वर्ष निवासी सर्वहारा नगर, जिला इंदौर, फैजल पिता शकील उम्र 19 वर्ष निवासी अजय बाग कॉलोनी, जिला इंदौर, आरोपी महेंद्र के खिलाफ इंदौर के विभिन्न थानों में हत्या और हत्या के प्रयास, मारपीट के चार मामले दर्ज हैं।

फैजल पर चोरी, नकबजनी के तीन मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी इंदौर जेल में रहते हुए एक-दूसरे के संपर्क में आए थे। इधर योगमाया आश्रम की महंत ने उज्जैन पुलिस की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक उज्जैन व उनकी टीम को आभार प्रकट करते हुए श्रीफल व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

## गीता जयंति पर सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित होगा

### कलेक्टर सिंह ने राजस्व महाअभियान 3.0 के कार्यों में लापरवाही बरतने पर तहसीलदार माकड़ौन की वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के आदेश दिए

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल स्थित सभा कक्ष में समयावधी पत्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने गीता जयंति पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गीता जयंति के



उपलक्ष्य में इस्कॉन मंदिर द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों की गीता ज्ञान संबंधित ऑनलाईन क्वीज का आयोजन किया जा रहा है। गीता जयंति पर सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

बैठक में राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने को निर्देशित किया। राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत सीमांकन, बटांकन, नक्शे में बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान ईकेवाइसी लिंकिंग, आधार से आरओआर खसरे से लिंक करने आदि के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

राजस्व महाअभियान 3.0 के कार्यों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदार माकड़ौन की 2 वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस देने के आदेश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिकों की सुविधा के लिए शासन की सभी योजनाओं की विभागवार जानकारी संग्रहण कर प्रारूप बनाने को निर्देशित किया। प्रारूप में योजना का नाम, विभाग का नाम, योजना का उद्देश्य, लाभान्वित वर्ग, प्राप्त लाभ, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, लाभान्वित की पात्रता एवं शर्तें, संबंधित विभाग का सम्पर्क नंबर आदि जानकारी रहेगी जिससे सरलतापूर्वक हितग्राही शासन की योजना का लाभ ले सकेंगे।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर एमएस कवचे, अनुकूल जैन, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा, समस्त एसडीएम तथा सभी विभागों के जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आयोग की बैठक हेतु निगम अध्यक्ष दिल्ली रवाना



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सोलहवॉ वित्त आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने के सम्बंध में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26 नवम्बर 2024 को भारत मण्डपम, नई दिल्ली में किया जा रहा है जिसमें निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव सम्मिलित होने हेतु उज्जैन से रवाना हो गई। निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा कार्यशाला में स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने में अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगी। दिल्ली प्रवास पर जाने के पूर्व निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया।

### चार युवकों ने मारपीट कर मोबाईल व नगदी छीना

**नागदा जं, निप्र।** गांव भगतपुरी में मांगलिक आयोजन में शामिल होने के लिए आए एक व्यक्ति के साथ कुछ युवकों ने मुक्तिधाम के समीप मारपीट कर मोबाईल व नगदी छीन लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरे चैक किए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला जांच में लिया। गांव जलोद निवासी मदन पिता करुलाल नरवरिया सोमवार को गांव भगतपुरी में मांगलिक आयोजन में शामिल होने के लिए आया था, इसी दौरान किसी काम से मुक्तिधाम के समीप से गुजर रहा था कि कार सवार चार युवकों ने उसके साथ मारपीट की और मोबाईल, नगदी छीन ली। मदन का आरोप है कि चारों युवक उसको कार में बैठाकर थाने ले जाने की बात कह रहे थे, लेकिन मदन कार में नहीं बैठा। इसी दौरान युवकों ने मदन से उसकी बाईक की चॉबी छीनने का प्रयास भी किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। मदन के शोर मचाने में चार युवक कार में बैठकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर प्रधान आक्षक यशपालसिंह सिसोदिया, आरक्षक दीपक कायस्थ, सौरभ भदौरिया, सुरेश डांगी तुरंत मौके पर पहुंचे और मुक्तिधाम के सीसीटीवी कैमरे चैक किए, जिसमें एक लाल रंग की कार जाते हुए दिखाई दे रही है। पुलिस पीड़ित मदन को घटनास्थल पर भी लेकर पहुंची।

पंचायत सचिव न लगाई फांसी

## परिजनों का आरोप जनपद के दो अधिकारी बना रहे थे दबाव

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। सोमवार को सुबह अपने ही घर में पंचायत सचिव का शव फंदे पर झूलता मिला है। मामले में परिजनों का आरोप है की जनपद पंचायत के दो अधिकारी उन पर अनैतिक दबाव बना रहा थे, दबाव के कारण ही उन्होंने आत्महत्या की है। मामले में चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कमल कामल कालोनी निवासी दशरथ पिता मांगीलाल ग्राम पंचायत नेपानिया में सचिव थे। उनके पुत्र नयन सूर्यवंशी ने पिता को फांसी पर लटके देखा। बताया जा रहा है की दशरथ रविवार रात को परिजनो के साथ गायत्री मंदिर में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गये थे। वहां से सभी लोग रात करीब 9 बजे तक घर आ गए थे। जब सुबह उठे तो उन्होंने दशरथ को घर में तलाश किया। बेटा पिता को ढूंढते हुए खाली कमरे में पहुंचा। इधर पत्नी उसके मोबाइल पर कॉल कर रही थी। कमरे की लाइट जलाकर देखा दशरथ फंदे पर लटका था।

### अधिकारियों की कॉल रिकार्डिंग हमारे पास

इधर मृतक दशरथ के ससुर मदनलाल गुजराती ने जनपद सीईओ गुमान सिंह और पीसीओ पॉल पर आरोप लगाए है। उन्होंने कहा की मेरे दामाद को फोन पर बार-बार धमकी दी जा रही थी। काम का दबाव बनाने के साथ ही हर माह लिए जाने वाले रुपए भी मांग रहे थे। दोनों अफसरों द्वारा धमकाने की कॉल रिकार्डिंग हमारे पास है। मामले में जनपद सीईओ गुमान सिंह ने का कहना है की दशरथ को काम के लिए कहा गया था। शासन की योजनाओं के काम समय सीमा में पूरा करना होता हैं।

## पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा आरोपी पति, 8 माह पूर्व ही की थी दूसरी शादी

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सोमवार को सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के समीप घट्टिया तहसील में एक व्यक्ति ने तलवार से गला काटकर पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी को जान से मारने के बाद आरोपी ने थाने में सरेंडर कर दिया। बताया है रहा है की यह महिला आरोपी की दूसरी पत्नी थी। और इन्होने करीब 8 माह पूर्व ही शादी की थी। बताया जा रहा है की दोनों में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार शिवानी उर्फ मंजू (40) जगदीश बंजारा (45) की दूसरी पत्नी थी। उनकी 8 महीने पहले ही शादी हुई थी। सोमवार सुबह विवाद के बाद जगदीश ने गुस्से में तलवार से हमला कर दिया। सूचना मिलने के बाद उज्जैन से एफएसएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वारदात की सूचना मिलने पर डीएसपी भारत सिंह, थाना प्रभारी देवीलाल दसोरिया सहित पुलिस मौके पर पहुंची। घट्टिया पुलिस ने बताया कि शिवानी आरोपी जगदीश की दूसरी पत्नी थी। उसकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है की घटना रविवार रात 2 बजे के बाद की है। शुरुआती जांच में पता चला है कि शिवानी भी पहले से शादीशुदा थी। तलाक के



बाद उसने जगदीश से 8 महीने पहले ही कोर्ट मैरिज की थी। जगदीश, शिवानी के चरित्र पर शक करता था। इसी वजह से विवाद की आशंका जताई जा रही है। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर अहम बिंदुओं पर जांच की। शिवानी ने रविवार शाम करीब 7 बजे अपने भाई शुभम को कॉल भी किया था। उसने फोन पर भाई से कहा था की तेरे जीजा मुझे मार डालेंगे। मैं कल सुबह बस से घर आ रही हूं। लेकिन उसके पहले ही शिवानी की हत्या हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने थाने में सरेंडर कर दिया।

### खातेगांव में बिटिया पूजा को न्याय दिलाने के लिए तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**खातेगांव, निप्र।** नर्मदापुरम अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया। 16 नवंबर को महिला ने सीजर से एक बेटे को जन्म दिया। शनिवार को उसको डिस्चार्ज होने वाला था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। परिजन मौत का कारण डिस्चार्ज से पहले लगाए गए इंजेक्शन बता रहे हैं। सोमवार को खातेगांव में साहू समाज सड़कों पर उतर गया। रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे जहां घटना को लेकर साहू समाज खातेगांव का आरोप है कि जिला अस्पताल नर्मदापुरम के स्टाफ के द्वारा लगाए गए गलत इंजेक्शन के कारण उसकी तबीयत खराब हुई, और मौत हो गई। इस संदर्भ में सोमवार को साहू समाज खातेगांव के द्वारा जिलाधीश के नाम थाना प्रभारी को एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया कि पूजा पति संतोष साहू जिला अस्पताल नर्मदापुरम में इलाज के दौरान गलत इंजेक्शन लगाया गया जिसके कारण पूजा की 10 मिनट पश्चात दर्दनाक मौत हो गई।

## विधायक आशीष शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ देखी द साबरमती स्टोरी

अनिल उपाध्याय

**खातेगांव, निप्र।** अंजना टॉकीज में विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में शो निशुल्क दिखाया गया जिसको लेकर, भाजपा कार्यकर्ताओं को निशुल्क शो की तैयारी को लेकर, टिकट वितरित की गई थी।

भाजपा नेता उमेश गुर्जर, धीरज जोशी ने बताया, गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन नहीं जलाई गई थी बल्कि अयोध्या से जिस ट्रेन में कारसेवक आ रहे थे, उस साबरमती एक्सप्रेस को जलाई गई थी, गोधरा में साबरमती





एक्सप्रेस को जलाए जाने के कारण मारे गए 59 लोगों नाम नहीं पता था इस फिल्म के माध्यम से सच्चाई सामने लाई गई है, पहले दिन बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित यहां शो देखने पहुंचे, 25 26 27 को भी यह शो दिखाया जाएगा, विधायक आशीष शर्मा ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित शो में पहुंचे लोगों को संबोधित किया, विधायक आशीष शर्मा ने कहा गीत कहानी फिल्में साहित्य यह समाज की घटनाओं को उल्लिखित करते हैं साहित्यकार हो लेखक फिल्म निर्माता हो इनके द्वारा बनाई गई रचनाएं इनके द्वारा बनाई गई फिल्में समाज में जागृति का काम करती है भारत का बॉलीवुड एक समय पूरी तरह से अंडरवर्ल्ड की गिफ्ट में आ चुका था इसलिए ऐसी साबरमती जैसी फिल्में नहीं बनती थी और ऐसी सत्यता नहीं दिखाई जाती थी।

कौन दिल आएगा आवरब्रिज की समस्या से निजात...

# कालापीपल का बार-बार बंद होता रेलवे गेट, परेशान होते राहगीर व एंबुलेंस में मरीज...!

लखन सिंह चन्देल

**कालापीपल।** कालापीपल नगर में रेलवे गेट बंद होने के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रहती है। और अंधे-अंधे घण्टे तक रेलवे फाटक बंद होने से यातायात व्यवस्था बिगड़ती रहती है। इससे गेट के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग जाती है। आवरब्रिज मंजूर हो चुका है कब बनेगा इसका कोई अता पता नहीं...।

वही सुत्रो का कहना है कि आवरब्रिज मंजूर हो चुका है लेकिन काम कब चालू होगा इसका भी कोई पता नहीं है।कई बार राजनेताओं द्वारा रेलवे मंत्री एवं डीआरएम को इस समस्या से अवगत



कराया चुके, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है, वही नागरिक जाम में घंटों फंसे रहते हैं।यदि पुलिस को इमरजेंसी में कहीं जाना होता है तो पुलिस भी घंटों जाम में फंसी रहती है और समय पर नहीं पहुंच पाती, साथ ही कई बार तो जाम में एम्बुलेंस से लेकर स्कूली बच्चे भी फँस जाते हैं। जबकि नेता हमेशा अपने भाषणों में कहते हैं की डबल इंजन की सरकार है भरपूर विकास किया ओर आगे भी करते रहेंगे, तो फिर सवाल उठता है कि डबल इंजन की सरकार से कालापीपल में ओवर ब्रिज क्यों नहीं बनवा पा रही।अब बात करते हैं सांसद महोदय की तो इस बार लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट कालापीपल विधानसभा से सांसद को मिले उसके बाद भी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी कालापीपल विधानसभा की समस्या को कोई समस्या नहीं समझते हैं। वह कब कालापीपल आए थे या किसी भी कार्यकर्ता या आम नागरिक को पता ही नहीं है। कालापीपल कि सबसे मुख्य समस्या रेलवे गेट पर आवर ब्रिज की है। नगर में नेताओं की भरमार है परंतु काम करने पर कोई भी नेता आगे आना नहीं चाहते, सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करते है। सांसद महोदय को सबसे ज्यादा मतों से जितने वाली जनता को शायद मायूसी ही हाथ लगेगी या फिर डबल इंजन की सरकार आवरब्रिज की समस्या से निजात क्या दिलाएगी, आखिर संसद महोदय की कालापीपल से ऐसी बेरुखी क्यों है।

### क्षेत्रवासियों को अब विधायक चंद्रवंशी से ही ओवरब्रिज की आस

कालापीपल की मुख्य समस्या रेलवे फाटक का लगातार बंद होने की समस्या से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र के लोगों द्वारा पूर्व में भी कई जनप्रतिनिधियों को आवेदन के माध्यम से ध्यान कई बार आकर्षित करवाया जा चुका है।लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस गंभीर समस्या को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए हैं।युवा विधायक श्री चंद्रवंशी की काम के प्रति कार्यशैली को देखते हुए किरण की एक नई आशा जगी है, रेल मंत्री से कालापीपल की समस्याओं से अवगत करवाया जा चुके है। अब देखना होगा कि जनता की आशाओं पर कितना खरा उतरते हैं विधायक घनश्याम चंद्रवंशी।

## संक्षिप्त समाचार

### बीकेएसएन कॉलेज में पुनः प्रारंभ हुई बस सेवा

**शाजापुर, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज ने पुनः विद्यार्थी बस सेवा प्रारंभ की गई है। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के 20 जून 2024 के पत्र के परिपालन में यह सेवा प्रारंभ की जा रही है।




यह सेवा जनभागीदारी मद से संचालित होगी, लेकिन इसके लिए कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन मात्र एक रुपया देना होगा। इस प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी प्रति माह 30 रुये एवं वर्ष भर के 360 रुपये शुल्क देंगे। बस सेवा के लिए शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड लागू किया जाएगा, जिसके तहत बस पर कॉलेज का नाम अंकित होगा और इसका उपयोग वही विद्यार्थी कर सकेंगे जो कॉलेज ड्रेस कोड में होंगे और गले में परिचय पत्र लटकाकर आएंगे। विद्यार्थियों को निर्धारित रूट और समय की जानकारी कॉलेज से दी जाएगी। यह बस सेवा 28 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होगी।

### ट्रक में पीछे से कार घुसने पर चालक गंभीर घायल



**शाजापुर, निप्र।** हाईवे पर सामने चल रहे ट्रक से कार टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाजापुर के उकावता चौकी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया जिसमें तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। घटना में कार चालक घायल हुआ जिसे उपचार हेतु शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां चालक की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया।

### साइकिल और बाइक भिड़ंत में दो घायल



**शाजापुर, निप्र।** साइकिल और बाइक भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरवाल जोड़ पर बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई, जिसमें खेत पर साइकिल से जा रहा शहजाद निवासी बरवाल और बाइक सवार रामबाबू निवासी मझानिया घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

### सलसलाई में ट्रैक्टरों का हुआ दंगल

**शाजापुर, निप्र।** हरियाणा-पंजाब की तर्ज पर सलसलाई में ट्रैक्टरों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कंपनियों के ट्रैक्टरों के बीच मुकाबला कराया गया। प्रतियोगिता में स्वराज, महिंद्रा, सोनालिका और जॉन डियर कुबोटो कंपनी के ट्रैक्टरों के बीच क्वालिटी मुकाबला हुआ। कंपनियों की आपसी स्पर्धा को लेकर आयोजित इस प्रतियोगिता में स्वराज कंपनी के ट्रैक्टर की जीत पर उसकी मजबूती और क्वालिटी का लोहा सभी ने माना जिसे प्रथम पुरस्कार दिया गया। उक्त प्रतियोगिता पहली बार मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के सलसलाई में हुई।

### मैजिक वाला चिकनी चुपड़ी बात करे गाड़ी से उतर जाए

**देवास, निप्र।** वर्तमान युग सोशल मीडिया का युग है। हमारा सारा समय सोशल मीडिया पर ही व्यय हो रहा है। इससे लाभ कितना हो रहा है यह तो ज्ञात नहीं पर इससे होने वाली हानियां हम सबको दिखाई दे रही है। इससे बचने के लिए भय नहीं समझ उत्पन्न करना है। किशोरावस्था लड़कियों की संवेदनशील अवस्था है। इस अवस्था में



आते ही लड़कियों को अपना लक्ष्य तय कर लेना चाहिए। प्रत्येक माता पिता जितना अपनी बेटी के लिए चिंतित होते हैं उतना बेटे के लिए नहीं। अतः बेटियों का कर्तव्य है कि वे कुछ बनना चाहती हो तो बनकर दिखाएं। प्रत्येक माता पिता की यही अपेक्षा रहती है कि हमारी बेटी परिवार का नाम रोशन करे। अतः जो भी बेटियां पढ़ाई कर रही है वे मन लगाकर पढ़ाई करें। जो छात्राएं मैजिक से स्कूल जाती है वे कभी आगे न बैठे। यदि मैजिक वाला मीठी मीठी चिकनी चुपड़ी बात करे और किराया न ले तो छात्राओं को तुरंत गाड़ी से उतर जाना चाहिए और अपने माता पिता या शिक्षक को बताना चाहिए। जय हिन्द सखी मंडल की छात्राओं के साथ विशेष भेंट में महिला थाना प्रभारी चंद्रकला अर्वे ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार में होने वाले विवाद को हवा न दें। बातें छोटी होती हैं पर उनका प्रभाव बहुत बड़ा हो जाता है। रविन्द्र वर्मा और अनुभव मिश्रा के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में तनुश्री विश्वकर्मा, रोजा पठान, स्नेहा ठाकुर, खुशी परिहार, आंचल श्रीवास और पायल बोडाना उपस्थित थीं।

# अस्थायी रास्तों को प्रशासन ने जेसीबी से कटवाया था... नर्मदा से रेत का खनन फिर भी नहीं रूका

## नदी तल से निकलने वाली रेत का हमारे पारिस्थितिक तंत्र पर प्रतिकूल असर, नकारात्मक प्रभाव दूरगामी होता है

विनय उजाला

**देवास, निप्र। रेत माफिया नर्मदा से रेत उलीच रहा हैं. कार्यवाही भी होती है लेकिन ऐसा असर नजर नहीं आ रहा कि रेत माफिया इस काम से तौबा कर ले. इस साल जुलाई में रेत खनन के 119 प्रकरण बने थे और 63 लाख रुपए से अधिक की वसूली खनिज विभाग ने करी थी लेकिन ये साल खत्म होते होते फिर से कहानी वही पुरानी दोहराई जा रही हैं।**

खनिज विभाग रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड रहा है और जुर्माना वसूल रहा हैं. दरअसल, नर्मदा नदी तल से निकाले जाने वाले रेत का हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र पर खासा प्रतिकूल असर पड़ता है। हमारे पर्यावरण पर इसका नकारात्मक प्रभाव दूरगामी होता है। अंधाधुंध खनन से नदी के पानी की धारा अवरुद्ध होती है और मानसूनी बारिश का पानी नर्मदा में उफान मारकर बस्तियों की ओर बहने लगता है। नर्मदा पर रेत के अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने रेत घाट के रास्तों को चिन्हित करके इन मार्गों को जेसीबी से कटवा दिया था ताकि रेत भरने के लिए चार पहिया वाहन न जा सके, लेकिन इस कवायद के बाद भी रेत का खनन नहीं रूक रहा हैं।

### भारी पड रहा रेत माफियाओं का रासूख...

सांठगांठ व रेत माफियाओं के रसूख के चलते मां नर्मदा के आंचल को लगातार छलनी किया जा रहा है। क्षेत्र के चिचली, दय्यत, तुरनाल, बिजलगांव, राजोर, बजवाड़ा, मंडलेश्वर आदि गांव नर्मदा तट से लगे हुए हैं। यहां अवैध रूप से नावों के माध्यम से रेत निकाली जाती है और घाट तक पहुंचाई जाती है। नर्मदा क्षेत्र नेमावर के आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों में अवैध रूप से रेत खनन का कार्य हो रहा है। यहां से रात के अंधेरे में ट्रक, डंपर व ट्रैक्टरों से रेत अन्य शहरों तक पहुंच रही है। अवैध खनन का यह कार्य बरसों से जारी है. कभी-कभार खनिज, राजस्व व पुलिस विभाग कार्रवाई भी करता है लेकिन फिर खनन शुरू हो जाता है। नेमावर के पूर्व व पश्चिम क्षेत्र के गांवों में अवैध रूप से रेत का खनन होता है।



### इनका कहना...

विभाग एवं जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि अवैध खनन को रोका जाए, हम भी समय-समय पर शिकायत करते हैं। मां नर्मदा में किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होना चाहिए। जो लोग कर रहे हैं, या करते हैं, उन पर कानूनी एवं दंड जुर्माना की कठोर कार्रवाई की जाए।

**-आशीष शर्मा, विधायक, खातेगांव-कन्नौद विधानसभा**

पहले कार्यवाही करते हुए नर्मदा तक जाने वाले रास्तों को ब्लाक कर दिया गया था, लेकिन रेत खनन करने वालों ने फिर से रास्ते बना लिए हैं। एक बार फिर से इन रास्तों को ब्लाक किया जाएगा।

**-रश्मि पांड्ये, जिला खनिज अधिकारी, देवास**

### बहते पानी से रेत निकालने में माहिर...

नर्मदा से लगे गांवों में ट्रैक्टर-ट्राली का बडा आकार ही बता देता है कि इनका उपयोग सिर्फ रेत परिवहन करने के लिए किया जाता हैं। प्रशासन के आदेश पर जब कार्यवाही होती है तो सबसे ज्यादा धडपकड ट्रैक्टर-ट्राली की होती हैं। नदी के बहते पानी से रेत निकालने में क्षेत्र के लोग माहिर हैं। एक नाव में करीब एक ट्रॉली रेत निकलती है। किनारों पर रेत के ढेर लगाने के बाद स्थानीय लोग इस रेत को अन्य कारोबारियों को बेच देते हैं। कारोबारी यहां से जेसीबी व अन्य साधनों से ट्रक, डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर बाहर ले जाते हैं। हर गांव में लोगों के पास नावें हैं। नदी से रेत निकालने का कार्य इतनी तेजी से होता है कि एक मिनट से भी कम समय में एक टोकरी रेत निकाल ली जाती है। इसके बाद उसे नाव में एकत्रित कर किनारे तय पहुंचाया जाता है। इसके अलावा मोटर से भी रेत निकाली जाती है। इसके लिए नाव में इंजन फिट कर उसमें पाइप लगाया जाता है। इस पाइप से रेत को खींचकर घाट तक लाया जाता है। यहां सीधे रेत का ढेर लग जाता है और पानी बह जाता है।



# स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी चेक करने पहुंची इंदौर की टीम, जांच हेतु जब्त किए मीटर

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** घरों के बाहर लगाए गए स्मार्ट बिजली मीटर की चेकिंग करने के लिए इंदौर की टीम किला रोड क्षेत्र में पहुंची, यहां करीब आधा दर्जन मीटर चेक किए गए। इस दौरान मीटर में गड़बड़ी का संदेह होने पर करीब 3 से 4 मिनट को जांच हेतु जप्त किया गया।

बिजली कंपनी के शाजापुर जेई रामेश्वर अहिरवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ की जानकारी मिलने पर सोमवार को इंदौर की टीम शाजापुर पहुंची और मीटरों को चेक किया। बिजली कंपनी के अधिकारियों के जांच करने पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों में हडक़ंप मच गई। इस दौरान लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। अधिकारी ने बताया कि मीटरों की जांच होने के बाद स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा कि उनमें किस तरह की गड़बड़ी हुई है। चेकिंग के दौरान बिजली का लोड चेक किया गया। गौरतलब है कि बिजली कंपनी के द्वारा घरों के बाहर इलेक्ट्रॉनिक स्मार्ट जीपीएस बिजली मीटर लगाए गए हैं जिसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ होने पर वह हेड ऑफिस में सिग्नल भेज कर गड़बड़ी की सूचना देते हैं, इसी तरह की सूचना मिलने पर इंदौर की टीम शाजापुर पहुंची और मीटरों की चेकिंग की।

# राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का हुआ शुभारंभ

## जिला अस्पताल देवास सहित जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में 30 नवम्बर तक मनाया जाएगा

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिले में राष्ट्रीय नवजात सप्ताह सोमवार से शुरू हुआ जो कि 30 नवम्बर तक आयोजिते होगा। यह सप्ताह हर साल नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नवजात हेतु संचालित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि इस वर्ष की थीम नवजात शिशुओं में एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) को रोकने के लिये एंटीमाइक्रोबियल का उचित उपयोग'' है। एनएनडब्ल्यू के लिए इस वर्ष की थीम को सभी सेवा वितरण प्लेटफार्मों-स्वास्थ्य सुविधाओं, सामुदायिक आउटरीच सत्रों और घरों आदि पर सुरक्षा और गरिमा प्रदान करने वाली गुणवत्ता और विकासात्मक रूप से सहायक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के साथ प्रत्येक नवजात शिशु तक पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय नवजात सप्ताह का शुभारंभ जिला चिकित्सालय देवास में किया गया। नवजात शिशुओं की माताओं को स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि नवजात अवधि (जीवन के पहले 28 दिन) बच्चे के जीवित रहने के लिए सबसे महत्वपूर्ण और खतरनाक अवधि है क्योंकि इस अवधि में बचपन के दौरान किसी भी अन्य अवधि की तुलना में प्रति दिन मृत्यु का उच्चतम जोखिम होता है। जीवन का पहला महीना भी आजीवन स्वास्थ्य और विकास के लिए एक मूलभूत अवधि है। स्वस्थ लोग स्वस्थ वयस्कों में विकसित होते हैं जो फल-फूल सकते हैं और अपने समुदायों और समाजों में योगदान कर सकते हैं। नवजात की देखभाल के लिए महत्वपूर्ण है बच्चे को छूने, खाना बनाने व खाने से पहले, मल व पेशाब के निपटान के बाद साबुन व पानी से हाथ अवश्य धोयें, बच्चे को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध पिलायें, बच्चे को लपेटकर गर्म रखें, नाल पर कुछ न लगायें आंख, कान और नाक को साफ रखें आंख में काजल न लगायें, पोलियो, बी.सी.जी. एवं हेपेटाइटिस बी की पहली खुराक दें, टीकाकरण सारणी अनुसार टीकाकरण पूर्ण करवाये, और याद रखे खतरे के संकेत सुस्त होना झटके आना,ज्यादा ठण्डा या ज्यादा गर्म, मां का दूध न पीना, सांस का तेज चलना, हाथ, तलवे और पैरों का पीला होना। इन स्थितियों में नजदीकी अस्पताल में तुरंत सम्पर्क करें। नवजात मृत्यु के मुख्य कारण जन्म के दौरान जटिलताएं, गंभीर संक्रमण, भारत में नवजात मृत्यु के कारण भारत में नवजात मृत्यु के प्रमुख कारण प्री-मैच्योरिटी/ प्रीटर्म, नवजात संक्रमण, इंट्रा-पार्टम संबंधित जटिलताओं और जन्मजात विकृतियां हैं। नवजात शिशु सप्ताह के दौरान जिले में आशा/आशा सहयागी प्रतिदिन जन्म से 28 दिन तक नवजात शिशु की गृह भेंट करती है। भ्रमण के दौरान माताओं को स्तनपान, टीकाकरण (बर्थ डोज), साफ-सफाई ,खतरे के आम चिन्ह एवं कंगारू मदर केयर पर परामर्श दिया जाता है एस.एन.सी.यू./ एन.बी.एस.यू. से डिस्चार्ज समस्त शिशुओं को गृह भेंट देना एवं संस्थागत फॉलोअप हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया जावेगा।

# राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार नवजात शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से 25 नवंबर से 30 नवंबर 2024 तक राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसकी मुख्य थीम नवजात शिशुओं में एन्टीमाइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) को रोकने के लिए एन्टीमाइक्रोबियल का उचित उपयोग सुनिश्चित करना है।



जिसमें नवजात शिशुओं को संस्था एवं समुदाय में गुणवत्तापूर्ण देख-भाल के साथ साथ विकासात्मक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जाना हैं। राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह के तहत जिला स्तर सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में अनेक गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिला अस्पताल के एनएसयू वार्ड में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रसूति महिलाओं को बच्चों के पालन पोषण के लिए दिशा-निर्देश एवं समझाइश दी गई। इसके महिलाओं को स्तनपान कराने की सही विधि बताई गई एवं व्यक्तिगत हाईजीन की जानकारी दी गई। पोस्टर एवं पिलप चार्ट द्वारा प्रदर्शन कर स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया की राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह का उद्देश्य एसएनसीयू एवं एनबीएसयू में क्वालिटी सेवायें प्रदान करना, डिस्चार्ज के समय नवजातो का संस्था एवं समुदाय में फॉलोअप किया जाना एवं बच्चों को आशा द्वारा दी गई गृह भेंट का शत-प्रतिशत सत्यापन करना, जिला स्तर पर बाल मृत्यु समीक्षा का आयोजन कर नवजात शिशु मृत्यु की समीक्षा करना, कार्यवाही से राज्य स्तर पर अवगत कराना, एंटीबायोटिक के उचित उपयोग एवं इन्फेक्शन कन्ट्रोल की जानकारी एवं पोस्टर लगाना, सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उचित एंटीबायोटिक उपयोग एवं घर पर साफ-सफाई के संबंध में स्वास्थ्य चर्चा आयोजित कराना है।

### युवा उत्सव प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहा गायन दल

**देवास, निप्र।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं विक्रम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में युवा उत्सव प्रतियोगिता संभागीय स्तर गायन में कालिदास संगीत कन्या महाविद्यालय उज्जैन की छात्राओं ने ऑल राउंड प्रदर्शन करते हुए




संभाग स्तर पर द्वीतिय स्थान प्राप्त किया। गायन दल में प्रमुख रूप से नागेश्वर संगीत कला संस्कृति एवं साहित्य समिति की पदाधिकारी देवास की एमए फर्स्ट ईयर की छात्रा काजल नागेश्वर व सहपाठी संजना, स्नेहा, लिज्जा, वंदना, एवं सुबरा ने निर्णायक दल को अपने गायन से प्रभावित किया जिस पर निर्णायक दल द्वारा उन्हें संभाग स्तर पर महाविद्यालय युवा उत्सव प्रतियोगिता 2024, में समूह गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर घोषित करने पर विक्रम विश्वविद्यालय में हुए सम्मान समारोह में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ इस आयोजन में इस मुकाम पर पहुंचने पर होसलों की तारीफ की,इन की इस उपलब्धि पर संगीत से जुड़े संपूर्ण मालवांचल क्षेत्र के संगीत से जुड़े हस्ताक्षरों ने बधाई प्रेषित की तथा गुरुजनों व साथियों, कला संस्कृति जगत से जुड़े लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई प्रेषित की।

## राजस्व महाभियान 3.0 के तहत अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अनुकंपा नियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति की समय पर करें कार्यवाही : कलेक्टर सिंह

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र। समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।**

उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की आमजन की शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व महाभियान 3.0, हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान तथा धरती आभा अभियान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नेशनल हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा वितरण की समीक्षा के दौरान शेष भूस्वामियों को शीघ्र मुआवजा वितरण की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने वन ग्रामों के राजस्व ग्रामों में परिवर्तन तथा वनाधिकार पट्टों के डिजिटिलाइजेशन, फौती नामांतरण, सामुदायिक दावे के संबंध में तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला वीसी के माध्यम से जुड़े। इसके साथ ही बैठक में अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह, जिला पंचायत प्रभारी सीईओ एवं संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले, एसडीएम श्री जमील खान, श्रीमती स्वाति मिश्रा, श्री तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।






### राजस्व महाभियान 3.0 के संबंध में निर्देश

प्रदेश के साथ ही जिले में 15 नवंबर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाभियान 3.0 चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल बैठक के दौरान राजस्व महा-अभियान 3.0 में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण,बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने समय-सीमा पार कर चुके नामांतरण प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए नवीन दर्ज प्रकरणों का भी समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तराधिकार नामांतरण के अंतर्गत ग्राम के पटवारी द्वारा बी-1 का वाचन कराया जाकर ऐसे व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। उसके अनुसार प्रकरण दर्ज कर फौती नामांतरण की कार्रवाई जाए। इसी प्रकार बंटवारा प्रकरणों के लंबित प्रकरणों का निराकरण और नवीन दर्ज प्रकरणों का निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व महा-अभियान 3.0 में 6 माह की अवधि से लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व महा-अभियान 3.0 में आरसीएमएस पर दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों का त्वरित निराकरण और नवीन प्रकरणों को दर्ज कर निराकृत करें। राजस्व महाभियान 3.0 के अंतर्गत जिले में नामांतरण के 505, बंटवारा के 57, अभिलेख दुरुस्ती के 22, सीमांकन के 69, नक्शा तरमीम के 6382, खसरे से आधार लिंक के 3077 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में सभी जनजातीय परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। सभी पात्र जनजातीय परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराना और उनके गांवों में सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का विस्तार किया जाए। अधिक से अधिक मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) की स्थापना की जाए,ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### शस्त्र लायसेंस निरस्ती के चलते उपभोक्ता ने जमा कराई 1 लाख 17 हजार रूपये की बकाया राशि

**भोपाल, निप्र।** जिला मजिस्ट्रेट दतिया द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्ती के नोटिस के चलते कसेरूआ जिला दतिया निवासी बिजली उपभोक्ता श्री आशाराम ने 1 लाख 17 हजार की बकाया राशि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में जमा कर दी है। गौरतलब है कि यह राशि लंबे समय से उपभोक्ता द्वारा अदा नहीं की जा रही थी। बकायादार के पुत्र श्री नरेश सिंह शर्मा के नाम शस्त्र लाइसेंस था। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण का नोटिस दिए जाने के पश्चात उपभोक्ता श्री आशाराम ने बिजली कंपनी के खाते में पूरी बकाया राशि जमा कर दी। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के जिलों में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आर्म्स डीलर लाईसेंस एवं शस्त्र लाईसेंस की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के लिए बिजली कंपनी से नोड्यूज प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है। कंपनी द्वारा गृह विभाग, म.प्र.शासन के आदेश के अनुसार कंपनी कार्यक्षेत्र के ऐसे शस्त्रधारी बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा बकाया विद्युत बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, साथ ही ऐसे शस्त्रधारी बिजली उपभोक्ता जो अनधिकृत बिजली का उपयोग अथवा बिजली चोरी करते पाए जाएंगे उनके आर्म्स डीलर लाईसेंस और शस्त्र लाईसेंस को जिला कलेक्टर के माध्यम से निरस्त कराने की कार्यवाही की जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि जो भी शस्त्र लाईसेंसधारी उपभोक्ता अपनी बकाया बिल राशि जमा नहीं करते हैं तो उनके शस्त्र लाईसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करवाने की कार्यवाही की जाएगी।

### विश्वविद्यालय पशुपालन के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य में तेजी लाए : पशुपालन मंत्री पटेल



**भोपाल, निप्र।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि विश्वविद्यालय पशुपालन के क्षेत्र में अनुसंधान के कार्य में तेजी लाए, जिससे पशुओं की नस्ल में सुधार हो और दुग्ध उत्पादन बढ़े। केंद्र और राज्य सरकार पशुपालन के क्षेत्र में किसानों की आय दोगुनी करने के लिए हर संभव कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिलाने और छात्राओं की स्टाइपेंड की राशि बढ़ाने की बात कही। मंत्री श्री पटेल ने आज जबलपुर में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप सिंह, कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, वित्त नियंत्रक श्री महेश कोरी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. तोमर, संचालक अनुसंधान डॉ. जी.पी. लखानी उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल द्वारा विश्वविद्यालय स्थित कुक्कुट विभाग, पंचगव्य उत्पादन इकाई, मिनरल मिक्सचर यूनिट तथा डेयरी का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने मुर्गी की कड़कनाथ नस्ल को बढ़ावा देने की बात कही, जिससे इस नस्ल को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहचान मिले और ग्रामीणों को इसका फायदा मिल सके।

# 'हम होंगे क़ामयाब पखवाड़ा' एवं महिला सुरक्षा संवाद के लिए एकजुटता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आज का ज़माना सोशल मीडिया का है ,इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।**






सभी युवाओं को सोशल मीडिया साक्षरता, डिजिटल एक्सटॉर्शन और ऑनलाइन लैंगिक हिंसा के बारे में शिक्षित किया जाना समय की आवश्यकता है।मंत्री सुश्री भूरिया सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हम होंगे क़ामयाब पखवाड़े के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का भी प्रसारण किया गया। उन्होंने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। बेटियों और बहनों की सुरक्षा व सम्मान केवल सरकार या पुलिस की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है। आज से 10 दिसंबर तक हम होंगे क़ामयाब पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें पुरुष वर्ग की भूमिका ज़्यादा अहम है। डॉ. यादव ने कहा कि यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों को जागरूक करें। महिलाओं पर होने वाली हिंसा का विरोध करें ।साथ ही समाज और परिवार में सभी समानता का माहौल बनाए। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि लैंगिक हिंसा आज भी हमारी सबसे बड़ी सामाजिक चुनौतियों में से एक है। यह न केवल महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्रभावित करती है बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के रास्ते में भी बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि हम होंगे क़ामयाब पखवाड़ा 25 नवम्बर से लेकर 10 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लिया और पूरे प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है। हम होंगे क़ामयाब अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा की रोकथाम है। 25 नवंबर को हम महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाते हैं। इस 16 दिवसीय सक्रियता अभियान से निश्चित ही हमें महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान जैसे इन गंभीर मुद्दों को गहराई से समझने और ठोस समाधान तलाशने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। इस कार्यक्रम के लिए महिला-बाल विकास विभाग और स्काई सोशल का सहयोग सराहनीय है। आशा है भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि एक सभ्य समाज का निर्माण तभी हो सकता है जब महिला पुरुषों में समानता हो। महिलाओं के साथ किसी भी तरह की हिंसा ,मारपीट ,भेदभाव किसी भी आयु के पुरुष के द्वारा न किया जाए एवं प्रत्येक पुरुष सुनिश्चित करें कि वह अपने घर परिवार पड़ौस एवं गाँव में किसी महिला के प्रति हिंसात्मक दुर्व्यवहार नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के विरुद्ध की गई हिंसा आपके परिवार के विरुद्ध की गई हिंसा ही है, क्योंकि पीड़ित महिला हम आप में से किसी की बहन, बेटी, माँ ही है और दूसरी तरफ़ हिंसा करने वाला पुरुष भी किसी का भाई, बेटा, पति अथवा पिता है। सुश्री भूरिया ने कहा कि हमें ख़ासकर घर के बड़ों को नौजवानों को समझाना होगा कि किसी भी तरह की अनैतिक हिंसात्मक गतिविधियां सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा गंभीर सामाजिक और क़ानूनी चुनौती है महिला सुरक्षा का मतलब केवल शारीरिक सुरक्षा से नहीं है बल्कि यह मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा को भी शामिल करता है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है।

## मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा, मादा चीता निर्वा ने दिया चार शावकों को जन्म

विनय उजाला

**श्योपुर/भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से एक खुशखबरी आई है। यहां केन्द्र सरकार द्वारा चीता प्रोजेक्ट के तहत बसाए गए चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ गया है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता निर्वा ने कूनो में चार शावकों को जन्म दिया है। इसके बाद यहां चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इनमें 12 वयस्क और 12 शावक शामिल हैं।



सिंह परियोजना के सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दक्षिण अफ्रीका से लाई मादा चीता निर्वा ने गत 22 नवंबर को चार शावकों को जन्म दिया है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने चीता प्रोजेक्ट के तहत कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीते लाकर बसाए थे। इनमें से प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2022 में अपने जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनों नेशनल पार्क के बाड़ों में रिलीज किया था। इसके बाद 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। इनमें मादा चीता निर्वा भी शामिल है। साउथ अफ्रीका से लाई गई निर्वा को मई 2023 में पहली बार कूनो के खुले जंगल में छोड़ा गया था। इसके पहले निर्वा को बाड़े में ही दूसरे चीतों के साथ रखा गया था। मादा चीता निर्वा के पिछले दिनों गर्भवती होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद से पार्क प्रबंधन ने इस पर निगरानी बढ़ा दी थी। अब निर्वा द्वारा शावकों के जन्म दिए जाने के बाद से चीता प्रोजेक्ट को एक बड़ी सफलता मिली है। चार शावकों के जन्म के बाद अब कूनो नेशनल पार्क में चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इनमें 12 शावक भी शामिल हैं। इन सभी शावकों का जन्म कूनों में ही हुआ है। कूनो नेशनल पार्क में लगातार हो रहे चीतों के जन्म के बाद यह ब्रीडिंग सेंटर बन गया है।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल प्रयागराज में कुंभ कॉन्क्लेव में हुए शामिल

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज में इंडिया थिंक काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित तीन



दिवसीय कुंभ कॉन्क्लेव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित बौद्धिक जनों से संवाद करते हुए कुंभ की प्रासंगिकता और इसके महत्व पर विचार साझा किए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस आयोजन को ज्ञान और विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच बताया, जहां भारत की सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक समरसता पर चर्चा की गई। उन्होंने इस अवसर पर सभी विशिष्ट अतिथियों का अभिवादन करते हुए आयोजकों को उनकी सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान, परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के अध्यक्ष परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती (मुनि जी) और अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.